RNI N.- BIHBIL/2022/88070

राष्ट्रीय द्विभाषिक सामाचार पत्र

www.bordernewsmirror.com

# बॉर्डर न्यूज मिरर


"खबरों से समझौता नहीं"



पटना, वर्षः 7 , अंकः 167 , गुरुवार, 30 जुलाई 2026 मूल्यः 5:00, पृष्ठः8 9471060219, 9470050309 www.bordernewsmirror@gmail.com



श्रावणी मेला : डीएम-एसपी ने बाबा सोमेश्वरनाथ मंदिर व मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण, सुरक्षा व ... 03



ओवरब्रिज बनने से पहले 65 लाख का डिवाइडर बनाना जनता के पैसे का दुरुपयोग : रवि ... 04

ममता कुलकर्णी के लोकप्रिय गाने का बना रीमेक, राणाजी 2.0 में... 07

## संक्षिप्त समाचार

### हंगामे के बीच एंटी पेपर लीक बिल लोकसभा से पास

● राहुल की 50 मिनट की स्पीच संसद में जमकर हंगामा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में पेपर लीक से जुड़ा पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 बुधवार को विपक्ष के हंगामे के बीच ध्वनि मत से पास हो गया। वहीं राज्यसभा में वंदे मातरम् के अपमान को दंडनीय अपराध बनाने वाला विधेयक पास हो गया। इससे



पहले विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पेपर लीक से जुड़े बिल पर 50 मिनट स्पीच दी। उन्होंने इडियट और अंधभक्त जैसे शब्द बोले। फिर कहा कि गृहमंत्री ने दिल्ली में छात्रों पर फायरिंग के आदेश दिए। इसको लेकर सत्तापक्ष ने जमकर हंगामा किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 7 बार खड़े होकर राहुल को टोका और संसदीय नियम का हवाला दिया। उन्होंने कहा नेता प्रतिपक्ष को माफी मांगनी चाहिए।

### अमृतपाल सिंह की रिहाई को लेकर चंड़ीगढ़ में बवाल

#### वारिस पंजाब दे के नेता-कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने चलाई वॉटर कैनन

चंडीगढ़ (एजेंसी)। दिल्ली में संसद के मॉनसून सत्र के बीच वारिस पंजाब दे के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सांसद अमृतपाल सिंह की रिहाई को लेकर चंडीगढ़ में बुधवार को प्रोटेस्ट किया। पुलिस ने वारिस पंजाब दे के नेताओं और कार्यकर्ताओं को तितर-बितर करने के लिए वॉटर कैनन का इस्तेमाल किया। हालांकि इस दौरान कार्यकर्ताओं और नेताओं की पुलिस से झड़प हुई। कार्यकर्ता वॉटर कैनन की गाड़ी पर चढ़ गए। इसके बाद कार्यकर्ता बेरीकेडिंग को पार करके आगे बढ़ गए। वारिस पंजाब दे के नेताओं और कार्यकर्ताओं की मांग थी कि सांसद अमृतपाल सिंह और अन्य सिख नेताओं की रिहा किया जाए। गौरतलब हो कि अमृतपाल सिंह वर्तमान में असम की डिब्रूगढ़ सेंट्रल जेल में बंद हैं। उन्हें अजनाला थाने पर हमले, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के उल्लंघन, और कई अन्य आपराधिक मामलों के तहत गिरफ्तार किया था।



### नीतिश के वीडियो को एआई बताने पर भड़की जेडीयू

#### नीरज कुमार ने पीके के खिलाफ दर्ज कराई शिकायत

**पटना (एजेंसी)।** बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के एक वीडियो को लेकर बिहार की राजनीति में भूचाल आ गया है। इस वीडियो को जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने फर्जी और एआई जेनरेडेट बताया था। इसके बाद जनता दल (यूनाइटेड) पूरी तरह आक्रामक हो गई है। जेडीयू के मुख्य प्रवक्ता और विधान पार्षद (एमएलसी) नीरज कुमार ने प्रशांत किशोर के इस दावे को भ्रामक और साजिश करार देते हुए पटना के शास्त्री नगर थाने में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। जेडीयू ने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। बांकीपुर सीट पर उपचुनाव के मद्देनजर एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में मुख्यमंत्री नीतिश कुमार का एक चुनावी अपील वीडियो जारी किया गया था। इस वीडियो में वे जनता से मतदान करने की अपील कर रहे हैं। प्रशांत किशोर ने दावा किया था कि यह वीडियो असली नहीं है, बल्कि इसे एआई तकनीक का इस्तेमाल करके फर्जी तरीके से बनाया गया है।



● सड़क पर दाल-बाटी बनाई, सद्बुद्धि यज्ञ भी किया, सीएम हाउस के रास्ते पर कड़ी सुरक्षा

# भोपाल में किसानों का अर्धनग्न प्रदर्शन, बैरिकेड तोड़ बसों पर चढ़े







**भोपाल (एजेंसी)।** मूंग खरीदी, ई-टोकन सिस्टम समेत अन्य मांगों को लेकर भोपाल में किसानों का प्रदर्शन तीसरे दिन भी जारी है। सीएम हाउस की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहे किसानों को एम्प्री के पास वीर सावरकर सेतु पर पुलिस ने रोक दिया। बसों की चार लेयर में बैरिकेडिंग की गई है। कुछ किसान पहले बैरिकेडिंग पर चढ़ गए थे, जिन्हें पुलिस ने समझाइश देकर नीचे उतार दिया। इसके बाद किसान वहीं बैठकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। प्रदर्शन स्थल पर कुछ किसान अर्धनग्न होकर विरोध जता रहे हैं और सरकार से एमएसपी की कानूनी गारंटी समेत अन्य मांगें पूरी करने की मांग कर रहे हैं। वहीं, कुछ किसान रातभर जागने के बाद आराम करते नजर आए। दाल-बाटी बनाकर सड़क पर ही लंच का इंतजाम किया। किसानों के समर्थन में युवा भी प्रदर्शन में शामिल हैं। किसानों ने सरकार की सद्बुद्धि के लिए हवन भी किया और आरोप लगाया कि बढ़ती महंगाई के बावजूद उनकी फसल का उचित दाम नहीं मिल रहा। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस ने कई रास्तों पर बैरिकेडिंग कर आवाजाही रोक दी है। इससे होशंगाबाद रोड और आसपास के इलाकों में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हालात को देखते हुए कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने नर्मदापुरम रोड के सभी सरकारी और निजी स्कूलों में अवकाश घोषित किया है।


### सीएम बोले- मंत्रियों का दल किसानों से बातचीत करेगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि किसानों से जुड़े मुद्दों पर संवाद के लिए सरकार ने एक कमेटी बनाई है। कमेटी में शामिल मंत्रियों का दल किसानों से बातचीत करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के सकारात्मक सुझावों के साथ है, लेकिन आम जनता को परेशानी न हो, इसका भी ध्यान रखा जाना चाहिए। भोपाल में किसानों के धरना-प्रदर्शन के चलते नर्मदापुरम रोड पर यातायात प्रभावित हो गया है। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार 28 जुलाई शाम 6 बजे से आरआरएल तिराहा ब्रिज के उतार पर किसान आंदोलन जारी है, जिससे इस मार्ग पर वाहनों का सीधा आवागमन संभव नहीं है। लोगों की सुविधा के लिए वैकल्पिक रूट तय किए गए हैं। नर्मदापुरम जाने वाले वाहन कोलार गेस्ट हाउस तिराहा, 6-लेन रोड, होली क्रॉस स्कूल तिराहा, अमरावत कला और मंडीदीप होकर जा सकते हैं। मंडीदीप से भोपाल आने वाले वाहन 11 मील बायपास, नंदी चौराहा, खजूरी कला, एसओएस रोड, पिपलानी और बोर्ड ऑफिस मार्ग का उपयोग करें। मिसरोद, कोलार, चूनाभट्टी, बागमुगालिया और एम्स क्षेत्र के लिए भी वैकल्पिक मार्ग तय किए गए हैं।

# 'फेल' हुई आतंकियों की साजिश

● दक्षिण कश्मीर में सुरक्षाबलों के ज्वाइंट ऑपरेशन में मिली बड़ी सफलता ● भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा बरामद, जांच जारी

**श्रीनगर (एजेंसी)।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले से बुधवार को एक बड़ी खबर सामने आई है, जहां सुरक्षा बलों ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। जिले के तांत्रेपोरा-सुरसनू के घने बाग वाले इलाके में चलाए गए संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने हथियारों और गोला-बारूद का एक बड़ा जखीरा बरामद किया है। इस बरामदगी के बाद पूरे इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। सूत्रों के मुताबिक इस पूरे ऑपरेशन की कहानी शुरू हुई एक सटीक खुफिया सूचना से। जम्मू-कश्मीर पुलिस को अपने सोर्स से जानकारी मिली थी कि तांत्रेपोरा-सुरसनू के बाग वाले क्षेत्र में कुछ संदिग्ध सामग्री छिपाई गई है। इस इनपुट को बेहद गंभीरता से लेते हुए तुरंत एक ज्वाइंट ऑपरेशन प्लान तैयार किया गया। इस सूचना के आधार पर कुलगाम पुलिस, सेना ने मिलकर इलाके को घेरा और कार्रवाई की।



### बाग के चप्पे-चप्पे में चला सर्च ऑपरेशन

बुधवार सुबह से ही सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने तांत्रेपोरा-सुरसनू के बाग क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू कर दिया। बाग की आड़ में छिपाए गए हथियारों को ढूंढ़ना आसान नहीं था, लेकिन जवानों ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर एक-एक जगह को बारीकी से खंगाला। कई घंटों तक चले इस सघन सर्च ऑपरेशन के बाद आखिरकार जवानों को वह कामयाबी मिली जिसका इंतजार था। बाग के अंदर एक जगह से हथियारों और गोला-बारूद का बड़ा जखीरा बरामद हुआ। बताया जा रहा है कि आतंकियों ने आने वाले दिनों में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए इस जखीरे को यहां छिपा कर रखा था। सुरक्षा बलों ने बरामद किए गए सभी हथियारों और गोला-बारूद को तुरंत अपने कब्जे में लेकर जब्त कर लिया है। बरामद हथियारों में दो पिस्तौल, दो राइफल, 7 ग्रेनेड आदि शामिल हैं। सूत्रों ने बताया कि, बरामद सामग्री को कब्जे में लेकर जब्त कर लिया गया है और मामले की आगे की जांच शुरू कर दी गई है। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि यह जखीरा किस आतंकी संगठन का है और इसे यहां किसने छिपाया था।

## तमिलनाडु के मीनाक्षी मंदिर की 60 करोड़ की जमीन हड़पी

● फर्जी दस्तावेजों के जरिए किया कब्जा, 19 लोगों पर एफआईआर

**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु के मदुरै के प्रसिद्ध मीनाक्षी मंदिर से जुड़ी एक चैरिटेबल ट्रस्ट की 1.79 एकड़ जमीन को फर्जी तरीके से हड़पने का मामला सामने आया है। इस जमीन की कीमत करीब 60 करोड़ रुपए बताई जा रही है। मदुरै सिटी सेंट्रल क्राइम ब्रांच ने इस मामले में 19 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोप है कि आरोपियों ने जमीन के फर्जी ट्रांसफर, रजिस्ट्रेशन और मॉर्गेज ट्रांजेक्शन से जमीन हथियाने की साजिश रची। यह कार्रवाई मंदिर के संयुक्त आयुक्त और कार्यकारी अधिकारी सेल्लादुरई और भ्रष्टाचार विरोधी संस्था अरापोर इयक्कम की शिकायत पर की गई है। **तहसीलदार पर लगा जमीन हड़पने का आरोप-** मामले में आरोप है कि 24 जून 2016 को तत्कालीन मदुरै उत्तर तहसीलदार अनबझगन ने सरकारी रिकॉर्ड से मंदिर का मालिकाना हक हटा दिया। उन्होंने अवैध रूप से जमीन का पट्टा 9 लोगों के नाम ट्रांसफर कर दिया था।





# राजस्थान में बाजारों में भरा पानी, छग में मचा हाहाकार

● बिजली गिरने से 5 की मौत, उत्तराखंड में भारी बारिश, चार धाम यात्रा रुकी

नई दिल्ली (एजेंसी)। देशभर में तेज बारिश का दौर जारी है। उत्तराखंड में भारी बारिश और लैंडस्लाइड के बाद चार धाम यात्रा 2 दिन के लिए रोक दी गई है। चंपावत, बागेश्वर और टिहरी में 12वीं तक के स्कूल-आंगनवाड़ी में छुट्टी कर दी गई है। राजस्थान के धौलपुर में तेज बारिश से बाजारों में पानी भर गया। गुजरात में भारी बारिश और बाढ़ से टाटा मोटर्स के साणंद प्लांट और आसपास मौजूद कई सप्लायर की यूनिट बंद करानी पड़ीं। छत्तीसगढ़ में बिजली गिरने की तीन घटनाओं में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 लोग घायल हुए हैं। राज्य में अगले दो दिन भारी बारिश की चेतावनी है।

**देश के ऊपर दो सिस्टम करा रहे जोरदार बारिश-** देश के ऊपर दो सिस्टम मौजूद हैं। बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र ओडिशा, झारखंड और छत्तीसगढ़ होते हुए आगे बढ़ रहा है। आईएमडी ने 4-5 दिनों में उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत में सामान्य से ज्यादा और पूर्वी भारत में भारी बारिश की चेतावनी दी है। दिल्ली में मंगलवार को 50 मिमी से ज्यादा बारिश हुई।



## राज्यसभा में भिड़े जेपी नड्डा और मल्लिकार्जुन खरगे

● सीपीआई (एम) दफ्तर में पुलिस कार्रवाई को लेकर हुई तीखी बहस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मानसून सत्र के 8वें दिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही राज्यसभा में मल्लिकार्जुन खरगे और जेपी नड्डा में तीखी बहस हुई। खरगे ने सीपीआई (एम) के ऑफिस में हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर सवाल खड़े किए। साथ ही कहा कि अब देश में लोकतंत्र खतरे में है। इसके साथ ही विपक्ष लगातार 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर गृहमंत्री अमित शाह से सदन में जवाब देने की मांग कर रहा है। दूसरी ओर जेपी नड्डा ने खरगे के आरोपों पर पलवार करते हुए पुलिस कार्यवाही पर सरकार का बचाव किया। बुधवार को राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, एक राष्ट्रीय पार्टी के दफ्तर में घुसकर सीबीआई लोगों को उठा रही है। देश में लोकतंत्र सुरक्षित नहीं है। किसी को भी गिरफ्तार करने के लिए राष्ट्रीय पार्टी के दफ्तर में एजेंसियां प्रवेश कर रही हैं। उन्होंने मांग, उन लोगों को सजा मिलनी चाहिए।

# पीएम और सुरक्षाबलों को गाली देने वाले बचेंगे नहीं

● दिल्ली पुलिस भेज रही नोटिस, एक्स से भी मांगी अकाउंट होल्डर की पर्सनल डिटेल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कॉकरोच जनता पार्टी के प्रोटेस्ट के दौरान सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सुरक्षाबलों को गाली-गलौज देने वाले लोगों के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने ऐक्शन शुरू कर दिया है। दरअसल, दिल्ली पुलिस पीएम और सुरक्षाबलों को गाली-गलौज देने वाले सोशल मीडिया हैंडलों को नोटिस जारी कर रही है। इस मामले में दिल्ली पुलिस ने एक एफआईआर दर्ज की है जिसके आधार पर एक्स से भी उन सोशल मीडिया अकाउंट की जानकारी मांगी गई है जिन्होंने सीजेपी प्रोटेस्ट के दौरान पीएम और सुरक्षाबलों के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था।



**दिल्ली और बाहर के राज्यों के लोग हैं निशाने पर-** रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली पुलिस ने राजधानी के अलावा अन्य दूसरी जगहों से भी आए ऐसे प्रदर्शनकारियों की पहचान करना शुरू कर दिया है जिन्होंने प्रोटेस्ट के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सिक्योरिटी फोर्स को टारगेट करने वाले गाली-गलौज वाले पोस्ट सोशल मीडिया पर डाले थे। दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया अकाउंट के साथ-साथ ऐसे न्यूज पोर्टल को भी नोटिस जारी किया है।

● 15 क्रू मेंबर सवार थे, लगातार ड्रोन और मिसाइलों से अटैक हो रहे

# यूक्रेन में जहाज के पास हमले में 13 भारतीय फंसे

**कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन में चोर्नोमोर्स्क बंदरगाह पर जहाज के पास हमले में 13 भारतीय फंस गए हैं। 'एमवी अमीर 1' नाम का जहाज लगातार हो रहे ड्रोन और मिसाइल हमलों के बीच फंस गया है। इसके बाद इंडियन सीमेन यूनियन ने इस मामले में तुरंत मदद की अपील की है। यूनियन के मुताबिक, जहाज पर कुल 15 क्रू मेंबर सवार थे, जिनमें 13 भारतीय नाविक शामिल हैं। जहाज बेहद खतरनाक हालात में फंसा हुआ है। उसके आसपास लगातार ड्रोन और मिसाइल हमलों की कोशिश हो रही है, जिससे चालक दल के सदस्य हर पल सीधे हमले की आशंका में जी रहे हैं। यूनियन ने भारत सरकार, जहाज के मालिक, फ्लैग स्टेट और सभी अधिकारियों से अपील की है।



● **ब्लैक सी में बढ़ता तनाव, कारोबार पर असर-** यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब रूस और यूक्रेन के बीच ब्लैक सी और सी ऑफ एजोव में सैन्य गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। इससे कारोबारी जहाजों और अनाज के निर्यात पर खतरा बढ़ गया है। 2022 में रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद ब्लैक सी दुनिया के सबसे संवेदनशील समुद्री इलाकों में शामिल हो गया। कुछ अंतरराष्ट्रीय समझौतों से अनाज का निर्यात फिर शुरू हुआ था, लेकिन हाल के महीनों में बढ़े हमलों से यह व्यवस्था फिर प्रभावित हुई है। यूक्रेन लगातार रूस के ऊर्जा ढांचे और तेल टैंकरों को निशाना बना रहा है। वहीं रूस ने यूक्रेन के बंदरगाहों, ईंधन भंडारण केंद्रों और कार्गो जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन हमले तेज कर दिए हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने भी दावा किया है कि उसकी सेना ने ओडेसा बंदरगाह पर ईंधन भंडारण केंद्रों पर हमला किया।

### वैश्विक अनाज कारोबार पर भी असर

यूक्रेन दुनिया के कुल गेहूं निर्यात का करीब 6 फीसदी और मक्का निर्यात का लगभग 11 फीसदी हिस्सा देता है। लेकिन लगातार हो रहे मिसाइल और ड्रोन हमलों के कारण ब्लैक सी के जरिए होने वाला यूक्रेन का अनाज निर्यात करीब एक-तिहाई तक प्रभावित हुआ है। दूसरी तरफ यूक्रेनी हमलों का असर रूस के अनाज कारोबार पर भी पड़ा है। रॉयटर्स के मुताबिक, यूक्रेन के हमलों के कारण रूस को सी ऑफ एजोव के रास्ते होने वाली जहाजों की आवाजाही सीमित करनी पड़ी है।

## संक्षिप्त समाचार

### वैशाली में बच्चे की पोखर में डूबने से मौत

**हाजीपुर**। वैशाली जिले के गरौल थाना क्षेत्र में बुधवार को एक पांच वर्षीय बच्चे की पोखर में डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद परिवार में मातम छा गया। गरौल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। मृतक की पहचान हरपुर अड़रा गांव निवासी नट मो. आलम के पांच वर्षीय पुत्र मो. इबराज के रूप में हुई है। वह अपने दादा मो. खुर्शीद के साथ शौच के लिए घर से निकला था। परिजनों के अनुसार, असदपुर मैभरा और हरपुर अड़रा के सीमावर्ती चौर स्थित एक पोखर के पास इबराज का पैर फिसल गया। वह गहरे पानी में चला गया और जब तक आसपास के लोग कुछ समझ पाते, वह डूब चुका था। काफी देर की खोजबीन के बाद ग्रामीणों ने बच्चे को पोखर से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मासूम की मौत की खबर सुनते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना मिलने पर गरौल थाना पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पोखरों के आसपास सुरक्षा के इंतजाम करने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

### बंद घर में फंदे से लटका मिला सड़ा-गला शव, वैशाली में दुर्गंध आने पर ग्रामीणों को हुई आशंका

**हाजीपुर**। वैशाली के राजापाकर थाना क्षेत्र के बैकुंठपुर गांव में अधेड़ व्यक्ति का शव उसके बंद घर में फंदे से लटका मिला। शव से तेज दुर्गंध आने के बाद ग्रामीणों को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही राजापाकर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की मौजूदगी में घर का दरवाजा खोला गया। अंदर करीब 50 वर्षीय व्यक्ति का शव गले में रस्सी के सहारे फंदे से लटका हुआ था। शव काफी हद तक सड़-गल चुका था, जिससे पूरे इलाके में दुर्गंध फैल गई थी। मृतक की पहचान बैकुंठपुर निवासी स्वर्गीय जगरनाथ पासवान के बेटे गरीबन पासवान (50) के रूप में हुई है। बताया गया कि वह फेरी लगाकर ब्रेड बेचकर अपना जीवनयापन करते थे और घर में अकेले रहते थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, गरीबन पासवान पिछले दो-तीन दिनों से गांव में दिखाई नहीं दे रहे थे। शुरुआत में किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन जब घर से बदबू आने लगी तो लोगों को किसी अनहोनी की आशंका हुई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। राजापाकर थाना पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। हालांकि, मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

### 'बेटी की पीट-पीटकर हत्या, शव नदी में फेंका'



**हाजीपुर**। हाजीपुर, वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र के नयाटोला मधुरापुर गांव में एक 35 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान सुंदरी देवी के रूप में हुई है, जो अनिल राय की पत्नी थीं। यह घटना मंगलवार देर रात की बताई जा रही है। मृतका के पिता अशरफी राय, जो सरायपुर (गंगा ब्रिज थाना क्षेत्र) के निवासी हैं, ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की पीट-पीटकर हत्या की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि हत्या के बाद साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से शव को सिक्स लेन पुल से नदी में फेंक दिया गया। अशरफी राय के अनुसार, मृतका का पति अनिल राय नशे का आदी था और अक्सर सुंदरी देवी के साथ मारपीट करता था। सुंदरी देवी अपने पीछे दो छोटे बच्चों, एक बेटा और एक बेटी, को छोड़ गई हैं। घटना की सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंचे और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की। मामले की गंभीरता को देखते हुए, पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया और आवश्यक साक्ष्य जुटाए। थाना प्रभारी रवि प्रकाश के नेतृत्व में पुलिस बल घटनास्थल पर मौजूद है और मामले की गहन जांच में जुटा है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद से ससुराल पक्ष के सभी सदस्य घर छोड़कर फरार हो गए हैं। पुलिस उनकी तलाश में संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फॉरेंसिक जांच और अन्य जुटाए गए साक्ष्यों के आधार पर ही हो पाएगा। फिलहाल, मृतका के पिता के आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर आगे की जांच की जा रही है। हत्या के आरोपों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी।

### बिदुपुर सीएचसी से बाइक चोरी, निजी सुरक्षा गार्ड की गाड़ी ले गए चोर, 10 दिन में दूसरी घटना

**हाजीपुर**। बिदुपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) के प्रांगण से मंगलवार दोपहर करीब दो बजे एक निजी सुरक्षा गार्ड की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। चोर दिनदहाड़े घटना को अंजाम देकर फरार हो गया। यह बिदुपुर CHC परिसर में 10 दिनों के भीतर हुई मोटरसाइकिल चोरी की दूसरी घटना है। जानकारी के अनुसार, खिलवत निवासी निजी सुरक्षाकर्मी मुकेश कुमार की मोटरसाइकिल चोरी हुई है। उन्होंने इस संबंध में थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। चोरी की यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसमें चोर मोटरसाइकिल लेकर भागता हुआ स्पष्ट दिख रहा है। यह घटना ऐसे समय हुई है जब बिदुपुर थाना CHC से लगभग 300-400 फीट की दूरी पर स्थित है। लगभग दस दिन पहले भी इसी परिसर से स्वास्थ्यकर्मी शंभू कुमार की मोटरसाइकिल चोरी हुई थी। इसके अतिरिक्त, पांच दिन पूर्व अंचल कार्यालय परिसर से अंचल कर्मचारी चंद्रजीत की मोटरसाइकिल भी चोरी कर ली गई थी। इससे पहले बिशनपुर राजखंड गांव में मदनेश सिंह के घर के पास से मथुरा निवासी रुदल राय की मोटरसाइकिल भी एक भोज के दौरान चोरी हो गई थी। इन लगातार हो रही चोरियों से स्थानीय लोगों में पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस अब तक इनमें से किसी भी मामले का खुलासा करने में विफल रही है।

### राजमिस्त्री की 110 किमी दूर समस्तीपुर में मिली लाश

**मुजफ्फरपुर**। समस्तीपुर के विभूतिपुर थाना क्षेत्र के सिंघिया घाट के पास बुधवार सुबह बूढ़ी गंडक नदी में उपलाता हुआ एक शव मिला। मृतक की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के मिठनपुरा केएमसीएच के पास रहने वाले राम भजन भगत के बेटे 50 साल के रंजीत भगत के रूप में की गई है। शव मिलने के बाद विभूतिपुर पुलिस ने शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है। घटना के संबंध में मृतक के भतीजा राजू कुमार ने बताया कि उनके चाचा रंजीत भगत राजमिस्त्री का काम करते थे। 25 जुलाई को वह मुजफ्फरपुर के अखाड़ा घाट पर स्नान कर रहे थे। नदी में पानी बढा हुआ था। स्नान करने के दौरान वह गहरे पानी में चले गए थे। इसी दौरान डूबने से उनकी मौत हो गई। राजू ने बताया कि चाचा के डूबने की खबर के बाद हम लोग उनकी तलाश कर रहे थे, लेकिन कुछ पता नहीं चला। उन्होंने कहा कि घटना के बाद प्रशासनिक स्तर पर खोजबीन की गई थी, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल रहा था। मृतक के भतीजा ने बताया कि परिवार के लोग बांध के रास्ते शव को खोजते हुए आगे बढ़ रहे थे। इसी दौरान पूसा के आसपास ग्रामीणों ने बताया कि नदी की तेज धारा में एक शव को बहते हुए देखा था, जो समस्तीपुर की ओर गया है। जानकारी के बाद हम लोग शव को खोजते हुए सिंघिया पहुंचे तो नदी किनारे एक शव उपला रहा था। बाहर निकाला गया तो वो मेरे चाचा का शव था। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस की ओर से शव का पंचनामा बनाया गया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। विभूतिपुर थाना अध्यक्ष ने बताया कि बूढ़ी गंडक नदी में उपलाता एक अधेड़ का शव मिला है। मृतक मुजफ्फरपुर का रहने वाला था। शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक के परिजन भी आ गए हैं। पोस्टमॉर्टम के बाद उन्हें शव सौंप दिया जाएगा।

# प्रदर्शनकारियों की रिहाई-सुबह से जेलों के बाहर खड़े लोग

**एजेंसी, पटना**



सरकार के आदेश के बाद बिहार की जेलों से आज प्रदर्शनकारियों की रिहाई होगी। छात्रों के परिवार के लोग जेलों के बाहर पहुंचे हैं। कल देर शाम तेजप्रताप यादव को बेऊर जेल से रिहा किया गया है। आज बिहार की बाकी जेलों में बंद प्रदर्शनकारियों को रिहा किया जाएगा। सीतामढ़ी से अपने बेटे को जेल से रिहा कर ले जाने पटना पहुंचे राजकुमार ने बताया कि बिहार में 25 जुलाई को हुए प्रोटेस्ट में उनके बेटे को भी कोचिंग से वापस लौटने के दौरान पुलिस ने उठाकर बेउर जेल भेज दिया गया था। जानकारी मिली थी कि मंगलवार रात को वो जेल से रिहा हो जाएगा। बुधवार सुबह से ही मैं जेल के पास बेटे के जेल से रिहा होने का इंतजार कर रहा हूं।

पटना से बेउर जेल पहुंचे मोहम्मद वसीर ने बताया कि बिहार बंद के दौरान उनका ममेरा भाई क्लीनिक से बाहर निकल रहा था। पुलिस ने जबरन उनके भाई को उठा लिया और फिर बाद में उन्हें जेल भेज दिया गया। उन्हें यह सूचना मिली कि बुधवार को उनके भाई की जेल से रिहाई होगी और इसे लेकर वह बेउर जेल पहुंचे हैं।

**राहुल गांधी से छात्र बोला- गोली लगने से हाथ नहीं उठ रहा**: राहुल गांधी ने NEET प्रोटेस्ट में घायल छात्र से फोन पर बातकर उसका हाल जाना। सीवान में प्रदर्शन में घायल आकाश यादव का पटना के अस्पताल में इलाज चल रहा है। राहुल ने पूछा कि आप कैसे हैं। आकाश ने कहा कंधे पर गोली लगी है भइया, हाथ काम नहीं कर रहा है। राहुल गांधी ने पूछा कि स्थिति ज्यादा खराब तो नहीं है आपकी। इस पर छात्र ने कहा कि नहीं, ठीक है। राहुल गांधी ने स्टूडेंट से कहा कि आप अपना ध्यान रखिएगा। हम आपके साथ हैं।

**❑ राहुल से छात्र बोला- गोली लगी है, रूस से वीडियो भेजकर युवक ने पूछा- मुझपर एफआईआर क्यों**

NEET पेपर लीक को लेकर बिहार में हुए प्रोटेस्ट में रूस से एक वीडियो सामने आया है। किशनगंज जिले के सतमेरी कुलभिटा पंचायत के रहने वाले कोनन राही ने अपने ऊपर दर्ज मामले पर सवाल उठाए हैं। वीडियो में कोनन राही ने दावा किया है कि NEET पेपर लीक के विरोध में बहादुरगंज में हुए प्रदर्शन के दौरान वह मौके पर मौजूद नहीं था। उसने मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग करते हुए प्रशासन से FIR की समीक्षा करने की अपील की है। हालांकि, इस संबंध में प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

NEET-UG पेपर लीक को लेकर दो दिनों के प्रदर्शन में पटना समेत 20 जिलों में कुल 64 FIR दर्ज की गई थी। सोमवार को राज्य सरकार की तरफ से गृह विभाग ने सारे केस खत्म करने और गिरफ्तार सभी लोगों को छोड़ने की घोषणा की थी। इसके तुरंत बाद पुलिस मुख्यालय हरकत में आया। सोमवार को ही जिलावार FIR की लिस्ट गृह विभाग को भेज दिया।

# पप्पू यादव बोले-कंगना को सदन से निकाल अरेस्ट किया जाए

**एजेंसी, पटना**



सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत ने नई पीढ़ी की भारतीय महिलाओं को गटर कहा है। कंगना ने कहा कि कुछ महिलाएं स्वतंत्रता के नाम पर नशा करना, शराब पीना और अनगिनत पुरुषों के साथ संबंध बनाना आधुनिकता और आजादी समझती हैं। कंगना के इस बयान पर पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, "उसे सदन से निष्कासित किया जाए। उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए। प्रधानमंत्री Gen Z को फ्रेंड्स कहते हैं और यह उन्हें 'गटर जनरेशन' और 'गद्दार' कहती हैं।"

कंगना ने इंस्टाग्राम अकाउंट के स्टोरी सेक्शन से लिखा- सबसे शर्मनाक बात उन युवा हिंदू महिलाओं का व्यवहार है, जो स्वतंत्र और करियर बनाने वाली महिलाओं की जिंदगी की नकल करना चाहती हैं, लेकिन उस आजादी के साथ आने वाली जिम्मेदारियों को नहीं निभाना चाहतीं। असल में स्वतंत्र महिलाएं विद्रोही फैसले लेती हैं, बेबाक राय रखती हैं, परंपराओं से हटकर करियर चुनती हैं और अपने हर फैसले की पूरी जिम्मेदारी भी उठाती हैं। उन्हें अपने कर्मों की कीमत खुद चुकानी पड़ती है। वे अपने माता-पिता या परिवार की कीमत पर ऐसा नहीं करतीं।

कंगना ने आगे लिखा, "आज तथाकथित वेस्टर्न सोच से प्रभावित भारतीय महिलाओं की एक नई पीढ़ी सामने आई है। मैं इन्हें 'गटर जेनरेशन' कहती हूं। इनमें से कुछ के पास समाज को देने के लिए कुछ भी नहीं है। वे पढ़ाई में अच्छी नहीं हैं, लेकिन इतनी बदसूरत सोच और भ्रष्ट मानसिकता रखती हैं कि अच्छी हाउसवाइफ भी नहीं बन सकतीं। इसके बावजूद वे अपनी तथाकथित आजादी का दिखावा करती हैं।"

एक्ट्रेस और बीजेपी सांसद ने कहा, "एक छोटी-सी याद दिला दूं, आजाद जीवन कमाना पड़ता है। अगर बिना जिम्मेदारी उठाए स्वतंत्र बनने की कोशिश करोगे, तो तुम सिर्फ एक विकृत मानसिकता वाले इंसान हो, 'गटर छाप'।"

# 13 जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट

**एजेंसी, पटना**



बिहार में मौसम विभाग ने आज 13 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इन जिलों में आकाशीय बिजली को लेकर विशेष रूप से चेतावनी जारी की गई है।

राज्य के बाकी 25 जिलों में दिनभर तेज धूप और उमस भरी गर्मी लोगों को परेशान करेगी। हालांकि, पटना समेत कुछ जिलों में बादल छाए रह सकते हैं। देर शाम कुछ इलाकों में हल्की बारिश की भी संभावना बन रही है।

मंगलवार शाम को पटना, खगड़िया समेत कई जिलों में तेज बारिश हुई। खगड़िया में बारिश के बाद कई इलाकों में जलजमाव की स्थिति बन गई। बांका में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान और एक मजदूर की मौत हो गई।

**❑ पटना में छाए रह सकते हैं बादल, अब तक 40% कम बारिश, 3°C तक बढ़ेगा तापमान**

# इस्कॉन में घूसे आतंकी, कैंपस में धमाका, एटीएस ने एक आतंकी को मार गिराया, दूसरे ने किया सरेंडर

**एजेंसी, पटना**



पटना के इस्कॉन मंदिर में बुधवार सुबह अचानक तीन संदिग्ध आतंकियों के अत्याधुनिक हथियारों और हैंड ग्रेनेड के साथ घुसे और गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों को मार गिराया। इसके बाद बम विस्फोट किया, जिससे मंदिर कैंपस में अफरा-तफरी मच गई। आतंकियों ने मंदिर परिसर के एक हिस्से पर कब्जा कर अंदर दो पुजारियों को बंधक बना लिया। इस घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली, जक्कनपुर, बुद्धा कॉलोनी SHO, मजिस्ट्रेट समेत 50 की संख्या में पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और मोर्चा संभाला है। साथ ही पटना ATS को भी मौके पर बुला लिया गया।

ATS के जवानों ने मंदिर परिसर का चारों ओर से घेर लिया। बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉड, मेडिकल टीम, अग्निशमन विभाग और एंबुलेंस भी मौके पर पहुंचीं। धमाके की आवाज और भारी संख्या में पुलिसबल को देख मंदिर के बाहर लोगों की काफी भीड़ जमा हो गई थी। राहगीर खड़े होकर इस घटनाक्रम को देख रहे थे।

**तीन में से एक आतंकी को किया ढेर**: पटना ATS के जवानों ने मंदिर परिसर को चारों ओर से घेर लिया। इसके बाद सुरक्षाबलों की एक टुकड़ी ने मंदिर के भीतर प्रवेश किया। मंदिर की सीढ़ियों पर पहुंचते ही आतंकियों ने जवानों पर फायरिंग शुरू की। फिर जवानों ने मोर्चा संभालते हुए जवाबी फायरिंग की। इस दौरान जवानों ने एक आतंकी को मार गिराया।

**दूसरा आतंकी ने किया सरेंडर, तीसरे को जवानों ने घेरा**: पटना ATS जवान जब मंदिर के ऊपरी हिस्से में पहुंचे तो एक आतंकी ने खुद को घिरा देख हथियार डालकर सरेंडर कर दिया। तीसरा आतंकी भी मंदिर के भीतर मौजूद था, जिसने दो पंडितों को बंधक बनाकर रखा था। ATS के जवान आगे की कार्रवाई करते हुए तीसरे आतंकी को भी पकड़ लिया और पुजारियों को मुक्त कराया।

# गुरु पूर्णिमा पर बाबा उमानाथ मंदिर में भीड़ श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान कर की शिव आराधना

**एजेंसी, पटना**



पटना जिले के बाढ़ स्थित प्राचीन बाबा उमानाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही बड़ी संख्या में भक्तों ने उत्तरायणी गंगा तट पर पवित्र स्नान किया। इसके बाद उन्होंने बाबा उमानाथ का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने गुरुओं के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनका आशीर्वाद भी लिया। मंदिर परिसर और गंगा घाट पर दिनभर भक्तों की चहल-पहल बनी रही। दूर-दराज से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे। पूरे परिसर में 'हर-हर महादेव' के जयघोष और धार्मिक भजनों से भक्तिमय वातावरण छाया रहा।

मंदिर के पुजारी मुन्ना पाण्डेय ने बताया कि आषाढ़ मास की पूर्णिमा का विशेष धार्मिक महत्व है। इसी पूर्णिमा के बाद भगवान भोलेनाथ को समर्पित पवित्र श्रावण मास की शुरुआत होती है, जिसके साथ ही श्रावणी मेले का भी शुभारंभ हो जाता है। उन्होंने कहा कि गुरु पूर्णिमा पर श्रद्धालु अपने गुरु का स्मरण कर सम्मान करते हैं और भगवान शिव की आराधना कर सुख, समृद्धि तथा कल्याण की कामना करते हैं।

पुजारी पाण्डेय ने यह भी बताया कि गुरु पूर्णिमा को महर्षि वेदव्यास जयंती के रूप में भी मनाया जाता है। भारतीय संस्कृति में गुरु को ईश्वर के समान स्थान दिया गया है। यह दिन आध्यात्मिक और शैक्षणिक गुरुओं के प्रति सम्मान व कृतज्ञता व्यक्त करने की परंपरा का प्रतीक है।

गुरु पूर्णिमा के समापन के साथ ही अब बुधवार से बाबा उमानाथ मंदिर में श्रावणी मेले की शुरुआत हो गई है। सावन के पूरे महीने प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुओं के आने की संभावना है, जबकि सोमवारी के दिनों में यह संख्या लाखों तक पहुंच सकती है। इसे देखते हुए स्थानीय प्रशासन और मंदिर समिति ने आवश्यक तैयारियां शुरू कर दी हैं।

# गुरु पूर्णिमा पर बिहटा के बीटेश्वर महाधाम में उमड़ी भीड़, मंदिर प्रशासन ने की विशेष तैयारियां

**एजेंसी, पटना**



बिहटा स्थित प्रसिद्ध बाबा बीटेश्वर महाधाम में बुधवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। सुबह से ही मंदिर परिसर में महिला और पुरुष श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखी गईं। सैकड़ों भक्तों ने भगवान भोलेनाथ के दर्शन और जलाभिषेक के लिए अपनी बारी का इंतजार किया। पूरे मंदिर परिसर में 'हर-हर महादेव' के जयघोष से वातावरण गूंज उठा।

आगामी सावन माह के लिए मंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु कई विशेष व्यवस्थाएं की हैं। इनमें सुचारु दर्शन के लिए महिला और पुरुष श्रद्धालुओं हेतु अलग-अलग कतारों का प्रावधान है। साथ ही, जलाभिषेक के लिए अरघा की व्यवस्था भी की गई है, जिससे अर्पित जल सीधे बाबा बीटेश्वर नाथ के शिवलिंग तक पहुंचेगा।

राघोपुर निवासी निशांत कुमार ने बताया कि वे अपने परिवार के साथ बाबा बीटेश्वर नाथ के जलाभिषेक और दर्शन के लिए पहुंचे हैं। उन्होंने सुबह से ही मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति का उल्लेख किया।

मंदिर समिति के सदस्यों ने जानकारी दी कि पूरे सावन माह में मंदिर परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समिति ने भक्तों से प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए शांतिपूर्वक दर्शन और जलाभिषेक करने की अपील की है।

मंदिर कमेटी के सदस्य गुड्डू कुमार सिंह ने पुष्टि की कि इस बार सुरक्षा और साफ-सफाई का विशेष ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने यह भी दोहराया कि महिला और पुरुषों के लिए अलग कतारों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

# बांकीपुर उपचुनाव- ईवीएम के साथ रवाना हो रही पोलिंग पार्टियां

**एजेंसी, पटना**



बांकीपुर उपचुनाव के लिए कल वोटिंग होनी है। इसके लिए EVM के साथ पोलिंग पार्टियों को रवाना किया जा रहा है। वोटिंग से ठीक पहले जनसुराज के कैंडिडेट प्रशांत किशोर के खिलाफ पटना के शास्त्री नगर थाने में शिकायत हुई है। JDU MLC नीरज कुमार ने प्रशांत किशोर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नीरज कुमार ने कहा कि राजनीति के अल्पज्ञानी के माथे पर बेताल आ बैठा है। विधानसभा चुनाव 2025 में जमानत जब्त कराने का रिकॉर्ड बनाने वाले खुद उम्मीदवार बन गए।

2 दिन पहले नीतीश कुमार ने एक वीडियो जारी कर के बांकीपुर की जनता से NDA के कैंडिडेट को जिताने की अपील की थी। उन्होंने कहा था कि 'बांकीपुर क्षेत्र के प्यारे मतदाताओं को मेरा प्रणाम। आप जानते हैं कि आपके विधानसभा क्षेत्र में 30 जुलाई को मतदान होगा। आप सभी के विश्वास सहयोग और आशीर्वाद से हमने दो दशकों में न्याय के साथ विकास को पूरी ईमानदारी से धरातल पर उतारने का काम किया है।

विकास की इस गति को बनाए रखने और विकसित बिहार के निश्चय को पूरा करने के लिए आपका एक-एक वोट जरुरी है। आप सभी मतदाताओं से आग्रह है कि आप एनडीए के युवा उम्मीदवार नीरज कुमार सिन्हा को अपना आशीर्वाद दें और मतदान के दिन कमल छाप पर बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाएं।' इस वीडियो को प्रशांत किशोर ने AI बताया था।

# 12 राजस्व अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू, भ्रष्टाचार और लापरवाही के आरोप

**एजेंसी, पटना**



बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने भ्रष्टाचार, लापरवाही और अनियमितता के मामलों में एक बार फिर सख्त कार्रवाई की है। विभाग ने 12 राजस्व अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की है। इनमें कुछ अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र गठित किए गए हैं, कुछ की वेतन वृद्धि रोकी गई है, जबकि अन्य के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने आज कहा कि राज्य सरकार विभाग में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार, लापरवाही और विभागीय निर्देशों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरती जाएगी। जनता को समय पर और पारदर्शी तरीके से राजस्व संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराना विभाग की प्राथमिकता है।

**इन अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र गठित**: विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, भू अर्जन कार्यालय, मुंगेर के राजस्व अधिकारी-सह-कानूनगो अरविंद कुमार, राघोपुर (वैशाली) के अंचल अधिकारी दीपक कुमार और बिस्फी (मधुबनी) की तत्कालीन अंचल अधिकारी वंदना कुमारी के खिलाफ विभागीय आरोप पत्र गठित किए गए हैं।

**इन अधिकारियों पर लगा दंड**: इसके अलावा गोपालगंज सदर के अंचल अधिकारी रजत कुमार वर्णवाल, एकमा (सारण) के अंचल अधिकारी अमलेश कुमार, गोह (औरंगाबाद) के तत्कालीन अंचल अधिकारी विश्वजीत नीलांकर, औरंगाबाद के तत्कालीन अंचल अधिकारी अंशु कुमार सिंह तथा कल्याणपुर (समस्तीपुर) के तत्कालीन अंचल अधिकारी राजन कुमार पर वेतन वृद्धि रोकने सहित विभिन्न दंड लगाए गए हैं। भिाग ने रामनगर (पश्चिम चंपारण) के तत्कालीन अंचल अधिकारी उदय शंकर मिश्रा, कुढ़नी (मुजफ्फरपुर) के तत्कालीन अंचल अधिकारी रणभू ठाकुर, हाजीपुर (वैशाली) की तत्कालीन अंचल अधिकारी अंजली कुमारी और सासाराम के तत्कालीन अंचल अधिकारी सुधीर कुमार ओंकारा के खिलाफ भी विभागीय स्तर पर अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है। मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने बताया कि पिछले दो महीने के दौरान विभाग ने अब तक 82 अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इन मामलों में भ्रष्टाचार, दाखिल-खारिज में अनियमितता, सरकारी कार्यों में लापरवाही, अनुशासनहीनता और विभागीय निर्देशों की अवहेलना जैसी गंभीर शिकायतें शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरु पूर्णिमा पर पांच लाख रुद्राक्ष से निर्मित शिवलिंग का हुआ भव्य पूजन, योग अपनाने का दिया संदेश



**बीएनएम@ मोतिहारी।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सीकरीया फार्मेसी कॉलेज एवं नर्सिंग कॉलेज परिसर में स्थित पांच लाख रुद्राक्ष से निर्मित दिव्य शिवलिंग की विधि-विधान से आरती एवं पूजन किया गया। धार्मिक आस्था और आध्यात्मिक वातावरण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में उद्योगपति एवं भाजपा युवा नेता यमुना सीकरीया, उप-महापौर लालबाबू प्रसाद, प्राचार्या प्रीति दुबे, शिक्षकगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने श्रद्धापूर्वक भाग लेकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर यमुना सीकरीया ने कहा कि भगवान शिव समस्त सृष्टि के आदिगुरु हैं। गुरु पूर्णिमा से ही पवित्र सावन माह का शुभारंभ होता है, जो शिव भक्ति का विशेष पर्व माना जाता है। उन्होंने कहा कि महादेव ने पूरी मानवता को योग का अमूल्य ज्ञान दिया है। यदि प्रत्येक व्यक्ति नियमित रूप से योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाए, तो वह स्वस्थ एवं निरोग रह सकता है और अस्पतालों तथा दवाइयों पर निर्भरता भी कम होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज योग को विश्वभर में नई पहचान और सम्मान प्राप्त हुआ है। वहीं उप-महापौर लालबाबू प्रसाद ने कहा कि भगवान शिव से बड़ा कोई गुरु नहीं है। उनके आशीर्वाद और प्रेरणा से भारत पुनः विश्वगुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं देते हुए गुरु के प्रति श्रद्धा, सेवा और सम्मान की भावना को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा परिसर शिवभक्ति, मंत्रोच्चार और आध्यात्मिक ऊर्जा से गुंजायमान रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की आरती कर सुख, समृद्धि एवं विश्व कल्याण की कामना की।

### मेडल लाओ, नौकरी पाओ' योजना के तहत एलडीसी पद पर मिली नियुक्ति, खिलाड़ियों के लिए बने प्रेरणास्रोत

**बीएनएम@ मोतिहारी।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' योजना एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों की सीधी नियुक्ति नियमावली के तहत पूर्वी चंपारण के राष्ट्रीय लॉन बॉल खिलाड़ी चितरंजन कुमार को समाहरणालय, मोतिहारी में निम्नवर्गीय लिपिक (एलडीसी) के पद पर नियुक्ति मिली है। इस उपलब्धि पर बुधवार को जिला खेल कार्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में जिला खेल पदाधिकारी अंकित कुमार ने चितरंजन कुमार को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी ने कहा कि चितरंजन कुमार की उपलब्धि जिले के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' योजना खिलाड़ियों को आर्थिक सुरक्षा देने के साथ-साथ युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सम्मान समारोह में लॉन बॉल संघ के जिला सचिव ज्याउल्लाह शेख, रमेश कुमार तथा असीम सेराज ईशा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने चितरंजन कुमार को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### लापरवाही पर पंचायत रोजगार सेवक के मानदेय में तीन वर्ष तक 25 प्रतिशत कटौती

**बीएनएम@ मोतिहारी।** पूर्वी चम्पारण जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) ने योजना कार्य में लापरवाही, वरीय अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना तथा समीक्षात्मक बैठकों से लगातार अनुपस्थित रहने के मामले में ढाका प्रखंड की जमुआ पंचायत के पंचायत रोजगार सेवक अविनाश कुमार पर कार्रवाई की है। कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, कार्यक्रम पदाधिकारी (वीबी-जी), ढाका के प्रतिवेदन के आधार पर योजना कार्य में ई-केवाईसी एवं एमआर निर्गत करने में कम उपलब्धि को लेकर अभिकरण के पत्रांक-1704, दिनांक 1 जून 2026 के माध्यम से अविनाश कुमार से स्पष्टीकरण मांगा गया था। उनके द्वारा स्पष्टीकरण प्रस्तुत किया गया, लेकिन विभागीय समीक्षा में जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद जिलाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम समन्वयक, पूर्वी चम्पारण ने विभागीय पत्रांक- 196, दिनांक 25 मार्च 2022 के कंडिका-01 के उपखंड (IV) में निहित प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए अविनाश कुमार के मूल मानदेय में तीन वर्षों तक 25 प्रतिशत कटौती करने का दंड अधिरोपित किया है। विभाग ने स्पष्ट किया है कि योजना कार्य में उदासीनता एवं सरकारी निर्देशों की अनदेखी करने वाले कर्मियों के विरुद्ध आगे भी नियमानुसार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# चंपारण के रेत कलाकार मधुरेंद्र कुमार का विश्व में डंका, फोर्ब्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हुआ नाम

**पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया सम्मानित, जनजागरूकता आधारित रेत कला को मिली वैश्विक पहचान**

बीएनएम@ मोतिहारी

चंपारण के अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त रेत कलाकार मधुरेंद्र कुमार ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। जनजागरूकता आधारित रेत कला के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान को देखते हुए उनका नाम फोर्ब्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। इस उपलब्धि पर पटना स्थित 7, सर्कुलर रोड आवास पर आयोजित समारोह में बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार ने उन्हें स्मृति चिह्न, मेडल और वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर नीतीश कुमार ने कहा कि मधुरेंद्र कुमार बिहार के पहले ऐसे अंतरराष्ट्रीय रेत कलाकार हैं, जिन्होंने अपनी कला को केवल प्रदर्शन तक सीमित नहीं रखा, बल्कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक संदेशों को लोगों तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनाया। उन्होंने कलाकार को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। फोर्ब्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के अंतरराष्ट्रीय सचिव टॉम वाशिंगटन के अनुसार, मधुरेंद्र कुमार ने वर्ष 2005 से 2026 तक बिहार सरकार की विभिन्न यात्राओं—न्याय यात्रा, निश्चय यात्रा, समाधान यात्रा, प्रगति यात्रा और समृद्धि यात्रा समेत 16 प्रमुख अभियानों—को लेकर 100 से अधिक विशाल रेत कलाकृतियां तैयार कर लोगों को जागरूक किया। इसी विशिष्ट कार्य के लिए उनका नाम प्रमाणपत्र



संख्या FBWR-00239 के तहत फोर्ब्स बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया है। मधुरेंद्र कुमार ने बिहार के सभी 38 जिलों में जिला प्रशासन के सहयोग से मुख्यमंत्री के यात्रा कार्यक्रमों के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रेत कला के माध्यम से सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। उनकी कलाकृतियों ने लाखों लोगों को सामाजिक सरोकारों और जनहित की योजनाओं के प्रति जागरूक किया। विश्वविख्यात रेत कलाकार मधुरेंद्र कुमार अब तक 5000 से अधिक सैंड एवं ऐश स्कल्पचर, 4000 से अधिक पत्थर और धातु की मूर्तियां, 20 हजार से अधिक लीफ आर्ट, 3000 से अधिक फल एवं सब्जियों पर नक्काशी, 2000 से अधिक प्लाईवुड और थर्मोकोल की कलाकृतियां तथा अनाज और पुनर्चक्रण सामग्री से सैकड़ों कलाकृतियां तैयार कर चुके हैं। उनकी कला का उद्देश्य नशामुक्ति, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक जागरूकता का संदेश देना रहा है। मधुरेंद्र कुमार को अब तक 100 से अधिक राष्ट्रीय और 50 अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुके हैं। वे 25 से अधिक देशों में 75 से अधिक बार भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं तथा 12 से अधिक विश्व रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज करा चुके हैं। हाल ही में उन्हें अमेरिका के हॉलीवुड स्थित अमेरिका इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी (AIU) द्वारा रेत कला के क्षेत्र में वैश्विक योगदान के लिए मानद पीएचडी की उपाधि भी प्रदान की गई। समारोह में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि मधुरेंद्र कुमार ने अपनी कला से बिहार का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है। वहीं बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन कुमार सर्राफ तथा बिहार सरकार के मंत्री श्रवण कुमार ने भी इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## श्रावणी मेला : डीएम-एसपी ने बाबा सोमेश्वरनाथ मंदिर व मेला क्षेत्र का किया निरीक्षण, सुरक्षा व सुविधाओं का लिया जायजा

बीएनएम@ मोतिहारी

श्रावणी मेले के शुभारंभ के अवसर पर जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने बुधवार को जिला के अरेराज स्थित बाबा सोमेश्वरनाथ मंदिर परिसर सहित पूरे मेला क्षेत्र का भ्रमण कर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधा, साफ-सफाई, चिकित्सा सेवा और यातायात प्रबंधन का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरेराज समेत अनुमंडल प्रशासन के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि मेला अवधि में विधि-व्यवस्था पर विशेष नजर रखी



जाए तथा किसी भी श्रद्धालु को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मेडिकल कैंप सहित सभी आवश्यक सुविधाएं सुचारु रूप से संचालित हों और उनकी नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मेला क्षेत्र में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों के माध्यम से श्रद्धालुओं को नियमित रूप से आवश्यक सूचनाएं प्रसारित करने का निर्देश दिया। विशेष रूप से श्रद्धालुओं को सुरक्षा संबंधी सावधानियों एवं क्या करें और क्या नहीं करें, इसकी जानकारी लगातार देने को कहा गया। डीएम ने सभी प्रतिनियुक्त अधिकारियों को अपने-अपने कार्यस्थल पर मुस्तैद रहने और आसपास के क्षेत्रों पर भी सतर्क निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अनुमंडल प्रशासन के वरीय अधिकारी पूरे मेला अवधि में लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा और सुगम यातायात के लिए चिन्हित स्थानों पर साइनेज लगाने का भी निर्देश दिया गया।

## गुरु पूर्णिमा पर देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम में उमड़ा आस्था का सैलाब, रामनाम संकीर्तन व महाभंडारे का हुआ आयोजन

बीएनएम@ मोतिहारी

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर देवराहा बाबा गुरुकुल आश्रम में दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा एवं भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सद्गुरु देवराहा बाबा सरकार के दीक्षित भक्त देवेंद्र पाठक ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सद्गुरु देवराहा बाबा की अमृतवाणी प्रेम, सदाचार और भगवान के नाम स्मरण पर आधारित थी। उन्होंने कहा कि बाबा का संदेश था कि प्रत्येक जीव और इंसान के भीतर एक ही परमात्मा का वास है, इसलिए किसी को कष्ट नहीं देना चाहिए। गाय की सेवा तथा नियमित राम नाम जप ही भवसागर से पार पाने का सबसे सरल साधन है। आश्रम अध्यक्ष विनय कुमार शर्मा ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरुचरण पादुका पूजन, देवराहा बाबा सरकार की प्रतिमा का अलौकिक पुष्पों से श्रृंगार, आरती एवं हवन का आयोजन किया गया। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने गुरु दर्शन, कीर्तन एवं गुरु दीक्षा परिक्रमा में भाग लेकर सद्गुरु का आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम के सह सचिव राम भजन ने बताया कि दो दिवसीय महोत्सव के दौरान राकेश कुमार की मंडली द्वारा आश्रम परिसर में 24 घंटे का अखंड रामनाम संकीर्तन आयोजित किया गया। वहीं सभी श्रद्धालुओं के बीच बाल भोग एवं महाभंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। आश्रम सचिव डॉ. जय गोविंद प्रसाद ने कहा कि गुरु पूर्णिमा गुरु के श्रीचरणों में श्रद्धा एवं समर्पण व्यक्त



करने का पर्व है। गुरु ही अज्ञान के अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं और जीवन को सही दिशा प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में आराधना व्यास, रामचंद्र शाह, हरिशंकर सिंह, कार्यक्रम संयोजक श्रवण कुमार, सह संयोजक चंद्रशेखर प्रसाद, भूमि समर्पणदाता सुपुत्र विनोद जालान, मधुसूदन जालान, दिलीप केसरी, नागेंद्र जायसवाल, रंजीत कुमार, कृष्ण कुमार, पप्पू कुमार, रंजन कुमार, विक्की कुमार सहित बड़ी संख्या में गुरु भाई एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बाबा सोमेश्वरनाथ मंदिर परिसर में राजकीय श्रावणी मेले का हुआ भव्य उद्घाटन

**लाखों शिवभक्तों की सुरक्षा और सुविधा के लिए चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात, ड्रोन व सीसीटीवी से होगी 24 घंटे निगरानी**

बीएनएम@ उज्ज्वल मिश्रा

**अरेराज/मोतिहारी।** उत्तर बिहार के सुप्रसिद्ध एवं ऐतिहासिक बाबा सोमेश्वरनाथ महादेव मंदिर परिसर में बुधवार को एक महीने तक चलने वाले पवित्र राजकीय श्रावणी मेले का विधिवत एवं भव्य शुभारंभ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और 'हर-हर महादेव' तथा 'बोल बम' के गूंजते जयकारों के बीच इस धार्मिक महाकुंभ का आधिकारिक उद्घाटन मुख्य अतिथि गोविंदगंज के विधायक राजू तिवारी ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस पावन अवसर पर सोमेश्वरनाथ मंदिर के पीठाधीश्वर सह महामंडलेश्वर स्वामी रविशंकर गिरि जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने सभी श्रद्धालुओं तथा आगंतुकों को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। समारोह को संबोधित करते हुए गोविंदगंज विधायक राजू तिवारी ने कहा कि बाबा सोमेश्वरनाथ धाम लाखों श्रद्धालुओं की असीम आस्था का केंद्र है। यहाँ बिहार के कोने-कोने के अलावा पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और नेपाल से भी लाखों की संख्या में कांवड़िए जलाभिषेक करने पहुँचते हैं। ऐसे में दूर-दराज से आने वाले देवतुल्य शिवभक्तों की सेवा, सुविधा और सम्मान में कोई कमी न रहे, इसके लिए जनप्रतिनिधि और प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने स्थानीय नागरिकों एवं समाजसेवियों से भी मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत और सहयोग के लिए बढ़-चढ़कर आगे आने का आह्वान किया। मेले के आयोजन और प्रशासनिक सुविधाओं पर प्रकाश डालते हुए पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने बताया कि पूरे एक माह तक चलने वाले इस आस्था के



मेले में श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन व जलाभिषेक के लिए बहुस्तरीय व्यवस्था की गई है। कांवड़ियों के पैदल मार्गों और मंदिर परिसर में स्वच्छ पेयजल, निरंतर विद्युत आपूर्ति, जगह-जगह फॉगिंग व स्वच्छता अभियान तथा 24 घंटे क्रियाशील रहने वाले स्वास्थ्य शिविरों का इंतज़ाम किया गया है। श्रद्धालुओं की कतारबद्ध आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए मजबूत बैरिकेडिंग और सहायता केंद्र बनाए गए हैं, ताकि वृद्धों, महिलाओं और बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। सुरक्षा व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि मेले की संवेदनशीलता को देखते हुए पूरे क्षेत्र को सुरक्षा के दृष्टिकोण से विभिन्न ज़ोन और सेक्टरों में विभाजित किया गया है। सुरक्षा प्रबंधन को अभेद्य बनाने के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा तैयार किया गया है। मंदिर परिसर, गर्भगृह, प्रवेश व निकास द्वारों तथा प्रमुख कांवड़िया मार्गों पर भारी संख्या में सशस्त्र पुलिस बल, लाठी बल, महिला पुलिसकर्मियों और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। पुलिस अधीक्षक ने आगे बताया कि भीड़ नियंत्रण और असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी के लिए पूरे मेला क्षेत्र में अत्याधुनिक सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए गए हैं तथा ड्रोन कैमरों के माध्यम से आकाश से भी 24 घंटे लाइव मॉनिटरिंग की जा रही है। किसी भी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एक केंद्रीय सूचना एवं नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) चौबीसों घंटे अलर्ट मोड पर रहेगा। इसके अलावा, चेन स्नेचिंग, उचक्केबाज़ी और मनचलों जैसी गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए सादे लिबास में पुलिस जवानों तथा त्वरित प्रतिक्रिया टीमों (QRT) को मेला परिसर में लगातार गश्त पर रखा गया है। उद्घाटन समारोह के इस गरिमामयी अवसर पर अरेराज अनुमंडल पदाधिकारी अंजली शर्मा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रवि कुमार, अरेराज थानाध्यक्ष प्रत्याशा कुमारी, अरेराज नगर पंचायत अध्यक्ष अमितेश पाण्डेय उर्फ रंटू पाण्डेय सहित जिला व अनुमंडल प्रशासन के कई वरिष्ठ अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और सैकड़ों की संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। श्रावणी मेले के शुभारंभ के साथ ही बाबा सोमेश्वरनाथ धाम पूरी तरह शिवमय हो उठा है। प्रशासन को उम्मीद है कि इस वर्ष भी लाखों श्रद्धालु सुरक्षित और सुव्यवस्थित वातावरण में बाबा भोलेनाथ का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ प्राप्त करेंगे।

# केसरिया स्तूप बनेगा ईको टूरिज्म का बड़ा केंद्र, समग्र विकास की बनी कार्य-योजना

**अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने किया स्थल निरीक्षण, ग्रीन एरिया और ईको फ्रेंडली विकास पर दिया जोर**

बीएनएम@ मोतिहारी

विश्व के सबसे ऊंचे एवं महत्वपूर्ण बौद्ध स्तूपों में शामिल केसरिया स्तूप को ईको टूरिज्म के बड़े केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में बुधवार को महत्वपूर्ण पहल हुई। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद उन्होंने अधिकारियों के साथ स्तूप परिसर और प्रस्तावित विकास स्थलों का निरीक्षण भी किया। बैठक में जिला पदाधिकारी पूर्वी चम्पारण ने केसरिया स्तूप के समग्र विकास के लिए आसपास उपलब्ध भूमि के विभिन्न विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही पर्यटन सर्किट को मजबूत बनाने के उद्देश्य से निकटवर्ती सरोत्तर



झील के विकास का भी प्रस्ताव रखा गया। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिकारियों ने बताया कि स्तूप की चारदीवारी से 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार का निर्माण प्रतिबंधित है। वहीं 100 से 200 मीटर के दायरे में सात मीटर से अधिक ऊंचाई वाले निर्माण की अनुमति नहीं है। अपर मुख्य सचिव आनंद किशोर ने निर्देश दिया कि विकास कार्यों में ऊंचे स्ट्रक्चर शामिल नहीं किए जाएं। इसके बजाय ईको फ्रेंडली हट्स, हरित क्षेत्र का विस्तार और आकर्षक लैंडस्केपिंग को प्राथमिकता दी जाए, ताकि स्तूप की ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक पहचान सुरक्षित रह सके। बैठक में क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, मुजफ्फरपुर ने जैन पार्क विकसित करने का सुझाव दिया, जबकि अनुमंडल पदाधिकारी चकिया ने विपश्यना केंद्र की गतिविधियों को पर्यटन योजना से जोड़ने का प्रस्ताव रखा। वन प्रमंडल पदाधिकारी मोतिहारी ने बताया कि सरोत्तर झील को आर्द्रभूमि के रूप में अधिसूचित करने का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। झील क्षेत्र में ईको टूरिज्म की व्यापक संभावनाएं हैं और भविष्य में पहुंच पथ का अधिग्रहण कर पर्यटन सुविधाओं का विस्तार किया जा सकता है। बैठक के अंत में अपर मुख्य सचिव ने विभागीय ईको टूरिज्म निर्माण सलाहकार को निर्देश दिया कि सभी सुझावों और प्रस्तावों को समाहित करते हुए विस्तृत प्रतिवेदन तैयार कर विभाग को शीघ्र उपलब्ध कराया जाए।

# श्रावणी मेलाः ड्यूटी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, समय पर तैनाती सुनिश्चित करें : डीएम

बीएनएम@ मोतिहारी

बाबा सोमेश्वरनाथ धाम में आयोजित श्रावणी मेला के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन को लेकर बुधवार को प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों और पुलिस बल की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव ने कहा कि सावन के पवित्र महीने में बाबा सोमेश्वरनाथ धाम में सेवा का अवसर सभी अधिकारियों एवं कर्मियों के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी पूरी जिम्मेदारी और मुस्तैदी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि जलाभिषेक और मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। डीएम ने बताया कि मंदिर परिसर एवं फुलवारी में मुख्य नियंत्रण कक्ष बनाया गया है, जहां





तीन पालियों में अधिकारियों और कर्मियों की तैनाती की गई है। सभी को निर्धारित समय पर अपनी ड्यूटी निभाने का निर्देश दिया गया है। इसके अलावा मंदिर के मुख्य प्रवेश द्वार और मंदिर मार्ग पर चिन्हित 12 स्थानों पर भी तीन पालियों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।मेले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए 17 गश्ती दल गठित किए गए हैं, जो तीन पालियों में लगातार भ्रमण करेंगे। वहीं, मेला क्षेत्र के 11 संवेदनशील स्थानों पर अलग से अधिकारियों एवं पुलिस बल की तैनाती की गई है।जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने संयुक्त रूप से स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी प्रतिनियुक्त अधिकारी एवं कर्मी समय पर अपने ड्यूटी स्थल पर उपस्थित होकर पूरी निष्ठा से सेवा दें। ड्यूटी में किसी भी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को नियमित रूप से प्रतिनियुक्त कर्मियों की उपस्थिति की जांच करने का निर्देश भी दिया गया। पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात ने कहा कि पुलिस बल से जुड़े सभी कर्मी समय पर ड्यूटी स्थल पर पहुंचकर श्रद्धालुओं को बेहतर सुरक्षा एवं सहयोग उपलब्ध कराएं, ताकि श्रावणी मेला शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। संयुक्त ब्रीफिंग में अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा, उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बोचहा दियारा में एक दर्जन शराब भट्ठियां ध्वस्त

**40 हजार लीटर कच्चा जावा नष्ट, विदेशी शराब बरामद**

**बीएनएम@ समस्तीपुर**। मोहिउद्दीन नगर थाना क्षेत्र के बोचहा दियारा में एएलटीएफ प्रभारी अफरोज अहमद के नेतृत्व में चलाए गए विशेष छापेमारी अभियान के दौरान पुलिस ने अवैध देसी शराब निर्माण में



प्रयुक्त करीब एक दर्जन भट्ठियों को ध्वस्त कर दिया। साथ ही मौके पर तैयार किए जा रहे लगभग 40 हजार लीटर कच्चा जावा को नष्ट कर दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया। छापेमारी के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि पतसिया बांध के समीप विदेशी शराब की खेप छिपाकर रखी गई है। सूचना के आधार पर जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो पुलिस वाहन को देखते ही संजीव पासवान, पिता सत्यनारायण पासवान, झोला छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से एक झोला बरामद किया। तलाशी लेने पर झोले से 59 फ्रूटी पैक में छिपाकर रखी गई विदेशी शराब बरामद हुई। जब्त शराब की कुल मात्रा 10.62 लीटर बताई गई है। पुलिस ने सभी शराब को जब्त कर लिया। फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

### मनीष विश्वबंधु ने संभाला योगापट्टी सीडीपीओ का अतिरिक्त प्रभार

**बीएनएम@ योगापट्टी**: योगापट्टी समाज कल्याण विभाग के अधिकारी मनीष विश्वबंधु ने योगापट्टी के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण कर लिया है। उन्हें बेतिया के साथ-साथ योगापट्टी परियोजना की भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी उन्होंने आंगनबाड़ी सेविकाओं और सहायिकाओं से नियमित उपस्थिति, बच्चों की गुणवत्तापूर्ण देखभाल, पोषण सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा अभिलेखों को अद्यतन रखने का निर्देश दिया।

### राजकीय प्राथमिक विद्यालय सुल्तानपुर बिचला टोल में हुआ वृक्षारोपण

**बीएनएम@ समस्तीपुर** । गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर मोहिउद्दीन नगर प्रखंड क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय, सुल्तानपुर बिचला टोल परिसर में पर्यावरण संरक्षण एवं हरित अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुण कुमार रजक ने की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रेणु कुमारी, सामाजिक अंकेक्षक मोहिउद्दीननगर तथा रणधीर, एक्टिविस्ट एवं सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त बिहार अभियान से जुड़े सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अतिथियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया ।वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी है।कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक रामानुज बैठा, धर्मवीर कुमार सिंह, सचिव अंचला कुमारी, सुरुची देवी सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

### भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शनों के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

**बीएनएम@ सुपौल**। जिले में नशीले पदार्थों के अवैध सेवन, बिक्री और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पिपरा थाना पुलिस ने त्वरित छापेमारी करते हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद किए हैं और अवैध धंधे में शामिल दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। मामले की विस्तृत जानकारी देते हुए सुपौल सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) राजीव रंजन ने बताया कि पिपरा थाना क्षेत्र के तेतराही वार्ड संख्या-13 स्थित एक बांसबाड़ी में अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन की बिक्री किए जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम का गठन कर तुरंत छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने बांसबाड़ी से कुल 227 एम्पूल (लगभग 454 एमएल) प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद किए। इसके साथ ही मौके पर अवैध खरीद-बिक्री में संलिप्त दो आरोपियों-आशुतोष कुमार एवं रविन्द्र कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया।

### दरभंगा की तीन ऐतिहासिक झीलों पर निर्माण कार्य पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

**बिहार सरकार को लगाई कड़ी फटकार**

**बीएनएम@ पटना/नई दिल्ली/दरभंगा**। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के दरभंगा स्थित करीब 800 से 900 वर्ष पुरानी तीन ऐतिहासिक झीलों, गंगासागर, दिग्घी और हराही, के सुंदरीकरण एवं पुनर्जीवन परियोजना पर कड़ी टिप्पणी करते हुए राज्य सरकार को फटकार लगाई है। न्यायालय ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सुंदरीकरण के नाम पर जलाशयों को भरने की अनुमति नहीं दी जा सकती और बिना अदालत की अनुमति के इन जल निकायों पर किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किया जाएगा। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा, "सुंदरीकरण के नाम पर जलाशयों को नहीं भरा जा सकता। बिना अदालत की अनुमति के इन जल निकायों को हाथ भी मत लगाइए।" इसके साथ ही अदालत ने तीनों झीलों पर चल रहे निर्माण कार्य पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी।'तालाब बचाओ अभियान' की ओर से दायर याचिका में आरोप लगाया गया था कि बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम (बुडको) सुंदरीकरण के नाम पर झीलों के बड़े हिस्से में मिट्टी भरकर निर्माण कार्य कर रहा है, जिससे इन ऐतिहासिक जलाशयों का अस्तित्व खतरे में पड़ सकता है।सुनवाई के दौरान बिहार सरकार ने अदालत को बताया कि 100 करोड़ रुपये से अधिक की इस परियोजना का उद्देश्य झीलों का संरक्षण और विकास करना है तथा मिट्टी भराई केवल तटबंध को मजबूत करने के लिए की जा रही है।

# वाहन चोर गिरोह का बड़ा खुलासा, पुलिस ने 28 चोरी की बाइक के साथ 8 अपराधियों को दबोचा

**डीएसपी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम की बड़ी कार्रवाई, इंजन-चेसिस नंबर से होगी असली मालिकों की पहचान**

बीएनएम@ सिकरहना

अनुमंडल पुलिस ने वाहन चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। डीएसपी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने छापेमारी कर 28 चोरी की बाइक बरामद की हैं तथा वाहन चोरी गिरोह से जुड़े 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। हाल के दिनों में वाहन चोरी के विरुद्ध इसे पुलिस की सबसे बड़ी सफल कार्रवाइयों में से एक माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार, बरामद 28 बाइकों में 21 बाइक चिरैया थाना क्षेत्र तथा 7 बाइक शिकारगंज थाना क्षेत्र से बरामद की गई हैं। गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के दौरान वाहन चोरी के नेटवर्क, चोरी की बाइकों की खरीद-बिक्री और गिरोह के अन्य सदस्यों से जुड़े कई अहम सुराग मिले हैं। इन जानकारियों के आधार पर पुलिस लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। जांच में यह भी सामने आया है कि गिरोह चोरी की बाइकों के इंजन और चेसिस नंबर में छेड़छाड़ कर उन्हें अलग-अलग क्षेत्रों में बेचने की कोशिश करता था। पुलिस अब बरामद सभी वाहनों के इंजन एवं चेसिस नंबर का तकनीकी सत्यापन करा रही है, ताकि वास्तविक मालिकों की पहचान कर विधिसम्मत प्रक्रिया के तहत उनके वाहन वापस सौंपे जा सकें। सिकरहना डीएसपी अभिषेक कुमार ने बताया कि वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पूरे अनुमंडल में विशेष




अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस को यह बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है और साक्ष्यों के आधार पर सभी अपराधियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शिकारगंज थानाध्यक्ष गोपाल कुमार ने कहा कि वाहन चोरी करने वाले अपराधियों के खिलाफ पुलिस पूरी सख्ती से कार्रवाई कर रही है। प्रारंभिक जांच में गिरोह के तार अन्य क्षेत्रों से भी जुड़े होने की संभावना सामने आई है, जिसकी जांच जारी है। उन्होंने लोगों से अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान पर खड़ा करने, मजबूत लॉक का उपयोग करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने की अपील की। वहीं चिरैया थानाध्यक्ष अम्बेश कुमार ने बताया कि वाहन चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए नियमित गश्ती, सघन वाहन जांच और खुफिया तंत्र को और मजबूत किया गया है। उन्होंने कहा कि चोरी के मामलों में शामिल किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। जिन लोगों के वाहन चोरी हुए हैं, वे संबंधित थाना में आवश्यक दस्तावेजों के साथ संपर्क करें, ताकि बरामद वाहनों की पहचान कर उन्हें शीघ्र वापस सौंपा जा सके। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि वाहन चोरी के खिलाफ यह विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पूरे गिरोह और उससे जुड़े नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए विशेष टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। इस बड़ी सफलता के बाद आम लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ा है और वाहन चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगने की उम्मीद भी मजबूत हुई है।

## काली पट्टी बांध बीडीओ ने जताया विरोध

बीएनएम@ रामगढ़वा

सारण जिले में दो प्रखंड विकास पदाधिकारियों (बीडीओ) के साथ हुई मारपीट की घटना के विरोध में सोमवार को बिहार ग्रामीण विकास सेवा संघ के आह्वान पर रामगढ़वा प्रखंड कार्यालय में सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने बांह पर काली पट्टी बांधकर घटना के प्रति विरोध जताया। विरोध प्रदर्शन के बावजूद कार्यालय का कामकाज पूरी तरह सामान्य रहा। बीडीओ ने सुबह 11 बजे से योजनाओं की समीक्षा, फाइलों के निष्पादन और जनसुनवाई सहित सभी प्रशासनिक कार्य पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न किए। उन्होंने कहा कि विरोध का उद्देश्य आम जनता को असुविधा पहुंचाना नहीं, बल्कि सरकारी अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित करना है। बीडीओ राकेश



कुमार सिंह ने कहा कि हाल के वर्षों में सरकारी अधिकारियों, विशेषकर प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ अभद्र व्यवहार और हमले की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे अधिकारियों में असुरक्षा की भावना पैदा हुई है। बिहार ग्रामीण विकास सेवा संघ ने सरकार से प्रखंड विकास पदाधिकारियों के लिए प्रभावी सुरक्षा नीति लागू करने, ड्यूटी के दौरान होने वाली अप्रिय घटनाओं की स्थिति में पर्याप्त बीमा, आर्थिक सहायता, बेहतर चिकित्सा सुविधा तथा अधिकारियों के परिवार के हितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। संघ के आह्वान पर राज्यभर के प्रखंडों में बीडीओ ने काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया और अधिकारियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने की मांग दोहराई।

## ओवरब्रिज बनने से पहले 65 लाख का डिवाइडर बनाना जनता के पैसे का दुरुपयोग : रवि मस्करा

बीएनएम@ मोतिहारी

राजद के प्रदेश प्रवक्ता रवि मस्करा ने जिला के नगर परिषद रक्सौल में विकास योजनाओं में प्राथमिकताओं की अनदेखी और सरकारी राशि के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए मेन रोड में बन रहे लगभग 65 लाख रुपये की लागत वाले डिवाइडर निर्माण पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है। बुधवार को नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार से मुलाकात कर उन्होंने इस संबंध में ज्ञापन सौंपा। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में श्री मस्करा ने कहा कि स्थानीय रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का शिलान्यास हो चुका है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने वाला है। ऐसे में उसी सड़क पर लाखों रुपये खर्च कर डिवाइडर बनाना सरकारी धन का अनावश्यक उपयोग प्रतीत होता है। उन्होंने कहा कि रक्सौल नगर परिषद के सभी 25 वार्डों में नाली, सड़क, पेयजल और स्ट्रीट



लाइट जैसी बुनियादी समस्याएं बनी हुई हैं। पहले इन आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने बताया कि उनके वार्ड संख्या-21 स्थित मछली बाजार रोड का निर्माण धनाभाव के कारण अधूरा पड़ा है, जबकि कई अन्य सड़क और नाली का निर्माण भी बारिश के मौसम को देखते हुए अत्यंत आवश्यक है। श्री मस्करा ने आरोप लगाया कि नगर परिषद प्रशासन लगातार पद और सरकारी राशि का दुरुपयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के पैसे का दुरुपयोग और घोटाले की छवि से नगर परिषद को बाहर निकालने की जरूरत है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस मामले में उचित कार्रवाई नहीं हुई तो वे संबंधित वरीय अधिकारियों से मिलकर शिकायत करेंगे।

## बारिश की बेरुखी से पताही में सूखे जैसे हालात, धान के खेतों में पड़ी दरारें; डीजल अनुदान की मांग तेज

बीएनएम@ पताही

सावन का महीना शुरू हो चुका है, लेकिन पताही प्रखंड क्षेत्र में अब तक पर्याप्त बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही है। जिन खेतों में कुछ सप्ताह पहले तक धान की लहलहाती फसल की उम्मीद थी, आज वहीं खेत सूखकर फटने लगे हैं। कई स्थानों पर धान के खेतों में बड़ी-बड़ी दरारें पड़ गई हैं, जिससे फसल के पूरी तरह बर्बाद होने का खतरा मंडराने लगा है। किसानों ने इस वर्ष महंगे बीज, खाद, जुताई और मजदूरी पर हजारों रुपये खर्च कर धान की रोपाई की थी। समय पर अच्छी बारिश होने की उम्मीद में लगाए गए पौधे अब पानी के अभाव में सूखने लगे हैं। खेतों की नमी तेजी से खत्म हो रही है और किसानों की मेहनत पर संकट गहराता जा रहा है। फसल बचाने के लिए किसान डीजल पंप के सहारे सिंचाई कर रहे हैं, लेकिन लगातार पटवन से डीजल का खर्च बढ़ता जा रहा है। छोटे और सीमांत किसानों के लिए यह अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना मुश्किल साबित हो रहा है। ऐसे में सरकार द्वारा घोषित डीजल अनुदान योजना की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं होने से किसानों में नाराजगी भी बढ़ रही है। जिहुली गांव के किसान



पप्पू मिश्रा ने बताया कि इस वर्ष बारिश नहीं होने से किसानों की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है। उन्होंने कहा कि कर्ज और अपनी जमा-पूंजी लगाकर धान की रोपाई कराई गई, लेकिन अब बारिश नहीं होने से पूरी फसल बर्बाद होने का डर सता रहा है। उन्होंने सरकार से अविलंब डीजल अनुदान की प्रक्रिया शुरू करने तथा किसानों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने की मांग की। क्षेत्र के अन्य किसानों का कहना है कि यदि अगले कुछ दिनों के भीतर अच्छी बारिश नहीं हुई तो धान की अधिकांश फसल नष्ट हो सकती है। इसका सीधा असर किसानों की आय के साथ-साथ क्षेत्र के कृषि उत्पादन पर भी पड़ेगा। किसान अब आसमान के साथ-साथ सरकार और कृषि विभाग की ओर भी उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं। किसानों ने मांग की है कि सूखे जैसे हालात को देखते हुए डीजल अनुदान योजना को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए, फसलों की विशेष निगरानी कराई जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित किसानों को अतिरिक्त आर्थिक सहायता भी उपलब्ध कराई जाए, ताकि उनकी मेहनत और आजीविका दोनों सुरक्षित रह सकें।

## सरकारी खरीद को पारदर्शी बनाने को डीडीओ को प्रशिक्षण

बीएनएम@ समस्तीपुर

सरकारी खरीद प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, दक्ष एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, समस्तीपुर के तत्वावधान में बुधवार को




समाहरणालय सभागार में गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस पोर्टल पर जिले के सभी आहरण एवं वितरण पदाधिकारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य डीडीओ को जीईएम पोर्टल के माध्यम से सरकारी खरीद की नवीनतम प्रक्रियाओं, नियमों एवं तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी देना था, ताकि सभी विभाग निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण खरीद सुनिश्चित कर सकें। प्रशिक्षण सत्र के दौरान पटना से आए विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को जीईएम पोर्टल पर उपयोगकर्ता पंजीकरण, क्रेता प्रोफाइल का संचालन, वस्तुओं एवं सेवाओं की खरीद प्रक्रिया, प्रत्यक्ष खरीद, एल-1 खरीद, ई-निविदा (बिडिंग), रिवर्स ऑक्शन, अनुबंध प्रबंधन, ऑनलाइन भुगतान तथा शिकायत निवारण प्रणाली सहित विभिन्न तकनीकी एवं व्यवहारिक पहलुओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही पोर्टल के नवीनतम प्रावधानों एवं दिशा-निर्देशों से भी सभी अधिकारियों को अवगत कराया गया। इस अवसर पर वरीय कोषागार पदाधिकारी ने कहा कि सभी विभाग जीईएम पोर्टल के माध्यम से निर्धारित नियमों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी खरीद सुनिश्चित करें।

## श्रद्धा-भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ गुरु पूर्णिमा महोत्सव, महाभंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

बीएनएम@ मोतिहारी

श्री नरसिंह बाबा जीवन कल्याण संस्थान एवं श्री हनुमत धाम सेवा ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में नरसिंह बाबा मंदिर प्रांगण में आयोजित तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव बुधवार को श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हो गया। महोत्सव के अंतिम दिन आयोजित विशाल महाभंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। महोत्सव का शुभारंभ 27 जुलाई को विधि-विधान के साथ श्री गणेश पूजन एवं रुद्राभिषेक से हुआ। 28 जुलाई को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच अखंड जाप प्रारंभ किया गया। समापन दिवस



पर 29 जुलाई को हनुमान आराधना मंडली के जगदीश बाबा एवं उनके सहयोगियों द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया गया। वहीं, आचार्य पंडित ओमप्रकाश बाबा एवं उनकी मंडली के सान्निध्य में अष्टयाम, श्री सत्यनारायण भगवान की कथा एवं गुरु पूजन का आयोजन हुआ। पूरे आयोजन का संचालन नरसिंह बाबा मंदिर के मठाधीश श्री मुरारी पांडेय के मार्गदर्शन एवं सान्निध्य में संपन्न हुआ। उन्होंने गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए गुरु-शिष्य परंपरा, धर्म, सेवा, संस्कार एवं मानव कल्याण के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान किया। महोत्सव की सफलता में महामंडलेश्वर देवंती देवी एवं उनके सहयोगियों की सक्रिय भूमिका रही। आयोजन में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, महिला-पुरुष श्रद्धालु एवं युवा बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर श्री नरसिंह बाबा जीवन कल्याण संस्थान एवं श्री हनुमत धाम सेवा ट्रस्ट ने सभी श्रद्धालुओं, सहयोगियों एवं स्वयंसेवकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ताइक्वांडो में पटना की स्नेहा को मिली 3 लाख की खेल स्कॉलरशिप

**'मेडल लाओ, नौकरी पाओ' योजना के तहत बिहार की पहली खिलाड़ी बनीं**

बीएनएम@ पटना

बिहार सरकार की 'मेडल लाओ, नौकरी पाओ एवं खेल स्कॉलरशिप योजना' के तहत किलकारी की ताइक्वांडो खिलाड़ी स्नेहा एस. कुमार को तीन लाख रुपये की स्कॉलरशिप राशि प्रदान की गई। ताइक्वांडो में पटना जिला से इस खेल स्कॉलरशिप को पाने वाली स्नेहा बिहार की पहली खिलाड़ी हैं। पटना के ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी और खेल मंत्री श्रेयसी सिंह की मौजूदगी में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान स्नेहा को उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने स्कॉलरशिप राशि का चेक और चयन पत्र प्रदान किया।किलकारी के ताइक्वांडो कोच मुन्ना कुमार ने बताया कि स्नेहा पिछले छह वर्षों



से ताइक्वांडो का प्रशिक्षण ले रही हैं। वह पढ़ाई में भी मेधावी छात्रा हैं। बिहार का प्रतिनिधित्व करते हुए स्नेहा ने कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक हासिल किए हैं। कोच ने बताया कि स्नेहा का चयन सर्बिया के जलतीबोर शहर में 4 से 14 अप्रैल 2025 तक आयोजित इंटरनेशनल ताइक्वांडो स्कूल गेम्स प्रतियोगिता के लिए हुआ था। हालांकि, खेल मंत्रालय की ओर से समय पर सर्कुलर जारी नहीं होने के कारण वह प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकीं। अगर वह प्रतियोगिता में शामिल होतीं तो बिहार का प्रतिनिधित्व करने वाली ताइक्वांडो की पहली खिलाड़ी बनने का गौरव



हासिल कर सकती थीं। स्नेहा की सफलता में उनके माता-पिता का भी महत्वपूर्ण योगदान है। वे बेटी के प्रशिक्षण और सपनों को पूरा करने के लिए लगातार प्रयासरत रहते हैं। स्नेहा के पिता ने कहा कि बेटी को सम्मानित होते देखना उनके और पूरे परिवार के लिए गर्व का क्षण है।

# रोजगार निजी अनुबंध पर टिका

**कोई नाविक किसी खास रूट (जैसे होरमुज) से गुजरने से मना करता है, तो कंपनी उसका अनुबंध रद्द कर सकती है या ‘ब्लैकलिस्टÓ कर सकती है। इससे उसका भविष्य दांव पर लग सकता है। भारत सरकार ने पश्चिम एशिया में भारतीय नाविकों के हमलों का शिकार बनने के बाद भारतीय नाविकों की सुरक्षा के लिए ‘सीफेयरर-फर्स्ट आपातकालीन सुरक्षा योजनाÓ लागू की है। शिपिंग कंपनियों और भर्ती एजेंसियों को अगले निर्देश तक होरमुज मार्ग से गुजरने वाले जहाजों पर भारतीय नाविकों को तैनात ना करने के निर्देश दिए गए हैं। मगर क्या इससे भारतीय नाविक सचमुच सुरक्षित हो जाएंगे? ये सवाल इसलिए अहम है, क्योंकि कागजी सरकारी आदेश और समुद्र की कड़वी हकीकत में कोई मेल नज़र नहीं आता। इसलिए अंदेशा गहरा है कि इस सरकारी पहल को लागू करना मुश्किल साबित होगा। नाविक शिपिंग कंपनियों (या उनकी नौकरी भर्ती एजेंसियों) के कर्मचारी होते हैं, भारत सरकार के नहीं। उनका रोजगार निजी अनुबंध पर टिका होता है। नाविक किसी विदेशी या भारतीय शिपिंग कंपनी या किसी थर्ड-पार्टी मैनिंग एजेंसी के साथ छह से नौ महीने का कांट्रैक्ट साइन करते हैं। इसके तहत कोई नाविक किसी खास रूट (जैसे होरमुज) से गुजरने से मना करता है, तो कंपनी उसका अनुबंध रद्द कर सकती है या ‘ब्लैकलिस्टÓ कर सकती है। इससे उसका भविष्य दांव पर लग सकता है। नौवहन बाजार में भी काम पाने भारी होड़ है। यही कारण है कि नाविक अक्सर जोखिम लेकर भी कहीं जाने को तैयार हो जाते हैं। दुनिया में तमाम नाविकों के बीच भारतीयों की संख्या लगभग 17 प्रतिशत है। जबकि अधिकांश जहाज पनामा, लाइबेरिया, या मार्शल आइलैंड्स जैसे देशों के झंडे तले रजिस्टर्ड हैं, भले उनके मालिक किसी देश के हों। ऐसे में भारतीय नाविकों पर उस देश का कानून लागू होता है, जिसके नाम पर जहाज पंजीकृत है। भारत सीधे किसी विदेशी जहाज के रूट को लेकर दखल नहीं दे सकता। तो फिर सरकार इस फैसले को लागू कैसे करवाएगी? अधिक से अधिक वह रिक्रूटमेंट और प्लेसमेंट एजेंसियों एजेंसियों पर दबाव डाल सकती है कि वे नाविकों को जबरन खतरे वाले क्षेत्रों में ना भेजें। नाविकों को ‘राइट टू रिफ्यूजÓ के तहत युद्ध क्षेत्र में जाने से इनकार करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। लेकिन वे ऐसा करियर को दांव पर लगाते हुए ही कर पाएंगे। यही इस मामले का पेच है।**

# छात्रों और युवाओं को भरोसा बना

**एस. सुनील**

प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षा और परीक्षा की प्रक्रिया में सुधार की जो पहल की है उस पर छात्रों की प्रतिक्रिया सोशल मीडिया के बाहर सार्वजनिक रूप से भी दिखने लगी है। उन्होंने जो नियम बनाने और विधायी कदम उठाने की पहल की है और युवाओं से सीधी अपील की है उसका असर यह हुआ है कि आंदोलन की नैतिक ताकत बने सोनम वांगचुक ने भूख हड़ताल समाप्त कर दी और इसके साथ ही आंदोलन की तीव्रता काफी कम हो गई। इसकी व्यापकता भी धीरे धीरे कम हो रही है।

पेपर लीक के खिलाफ प्रदर्शन की जिन तस्वीरों के हवाले से दावा किया जा रहा है कि देश का युवा खास कर ‘जेन जीÓ केंद्र की सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ हो गया है वह देश की प्रतिनिधि तस्वीर नहीं है। इसे ऐसे भी कहसकते हैं कि उन तस्वीरों से देश कीवास्तविकता नहीं जाहिर हो रही है। हालांकि इसमें कोई संदेह नहीं है कि पेपर लीक की घटना, जैसा कि प्रधानमंत्री ने स्वंय कहा, ‘जघन्य पापÓ है। लेकिन आगे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और इसमें शामिल लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिले इसके लिए प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता पर भी किसी को संदेह नहीं है। देश का युवा वर्ग और छात्रों का भी प्रधानमंत्री के साथ ऐसा सीधा जुड़ाव या संवाद है कि वे इस मामले में प्रधानमंत्री की गंभीरता को समझ रहे हैं। तभी गुरुवार, 23 जुलाई की रात को प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर सीधे युवाओं को ‘फ्रेंड्सÓ कह कर संबोधित किया। अपने मोबाइल से वीडियो बना कर उन्होंने पोस्ट किया और अगले दिन यानी शुक्रवार की रात को बताया कि उस पर कितनी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। गुरुवार रात के प्रधानमंत्री के इंस्टाग्राम वीडियो ने रिकॉर्ड बनाया। करीब 35 करोड़ लोगों ने उसे देखा और पेपर लीक से लेकर परीक्षा में सुधार के अनेक सकारात्मक सुझाव दिए, जिनका जिक्र प्रधानमंत्री ने अपने अगले वीडियो में किया।

प्रधानमंत्री मोदी ने शिक्षा और परीक्षा की प्रक्रिया में सुधार की जो पहल की है उस पर छात्रों की प्रतिक्रिया सोशल मीडिया के बाहर सार्वजनिक रूप से भी दिखने लगी है। उन्होंने जो नियम बनाने और विधायी कदम उठाने की पहल की है और युवाओं से सीधी अपील की है उसका असर यह हुआ है कि आंदोलन की नैतिक ताकत बने सोनम वांगचुक ने भूख हड़ताल समाप्त कर दी और इसके साथ ही आंदोलन की तीव्रता काफी कम हो गई। इसकी व्यापकता भी धीरे धीरे कम हो रही है। इसका कारण यह है कि देश के युवाओं को अपने प्रधानमंत्री और उनके संकल्पों पर भरोसा है। उनको विश्वास है कि प्रधानमंत्री मोदी 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प के साथ काम कर रहे हैं। इसके रास्ते में जो भी बाधाएं आएंगी उनको दूर किया जाएगा।

बहरहाल, पेपर लीक को लेकर भी प्रधानमंत्री की पहल पर एक साथ कई काम शुरू हो गए हैं। शुक्रवार को कैबिनेट की विशेष बैठक संसद भवन के अंदर हुई, जिसमें द पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रीवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 में संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। अब सरकार पेपर लीक और परीक्षा में अक्सर होने वाली दूसरी गड़बड़ियों को रोकने के लिए ज्यादा सख्त कानून बनाने जा रही है। इसे मानसून सत्र के दूसरे हफ्ते के शुरू में ही पेश किया जा सकता है। प्रधानमंत्री चाहते हैं कि इस पर जल्दी से जल्दी चर्चा करा कर कानून बनाया जाए। इसमें पेपर लीक के दोषियों के लिए 10 साल की सजा और 10 करोड़ रुपए के जुर्माने का प्रावधान किया गया है। साथ ही यह भी प्रावधान किया गया है कि पेपर लीक की घटना की जांच दो महीने में होगी और तीन महीने के अंदर अदालत में ट्रायल पूरा करके फैसला सुनाया जाएगा। इस संशोधन बिल को मंजूरी देने से पहले ही प्रधानमंत्री मोदी ने पेपर लीक से जुड़ी घटनाओं की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन का आदेश दे दिया था। इस बिल में इस पूरी प्रक्रिया को वैधानिक स्वरूप देने का प्रावधान भी किया गया है। इस मामले में सरकार की गंभीरता इस बात से दिखाई देती है कि मेडिकल में दाखिले के लिए नीट यूजी परीक्षा कराने वाली नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए के 47 कर्मचारियों को बरखास्त कर दिया गया है। सरकार एनटीए का भी पुनर्गठन करने वाली है ताकि परीक्षा की प्रक्रिया को किसी भी तरह की लीक और गड़बड़ी से सुरक्षित किया जा सके। चूंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वंय इस पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं इसलिए युवाओं को और उनके अभिभावकों को भी भरोसा बना है। उनको लग रहा है कि सरकार परीक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए काम कर रही है। ध्यान रहे पहले ही इस बात की घोषणा हो चुकी है कि अगले साल नीट यूजी की परीक्षा कंप्यूटर आधारित होगी। इससे भी छात्रों और युवाओं को भरोसा बना है।

दूसरी ओर अगर विपक्षी पार्टियों का रवैया देखें तो वह बहुत निराशाजनक दिखेगा। उनकी तरफ से किसी तरह का रचनात्मक सुझाव सरकार के सामने नहीं प्रस्तुत किया जा रहा है। उनकी ओर से सिर्फ शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग की जा रही है। जिस समय जंतर मंतर पर प्रदर्शन शुरू हुआ उस समय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष विदेश में थे। वहां से लौटने के बाद उन्होंने इंतजार किया कि संसद का सत्र शुरू हो और मीडिया का अटेंशन बने तो वे आंदोलन शुरू करें। छात्रों व युवाओं के संसद मार्च से जो माहौल बना उसका लाभ लेने के लिए वे अपनी पार्टी के नेताओं के साथ प्रधानमंत्री आवास पर प्रदर्शन करने पहुंच गए। असल में उनको यह असुरक्षा बोध घेरे हुए था कि कहीं जंतर मंतर के प्रदर्शन को ज्यादा लोगों का समर्थन न मिल जाए या उसमें शामिल लोग विपक्ष की जगह न ले लें। इसलिए उन्होंने आनन फानन में प्रदर्शन किया और संसद की कार्यवाही पूरी तरह से ठप्प की।

सवाल है कि क्या देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पास पेपर लीक की घटना का विरोध करने का नैतिक आधार है? अकेले राजस्थान में 2018 से 2023 के कांग्रेस राज में 19 परीक्षाओं के पेपर लीक हुए और कांग्रेस की सरकार ने किसी की भी जवाबदेही तय नहीं की। कांग्रेस शासित दूसरे राज्यों में भी अनेक परीक्षाओं के पेपर लीक हुए हैं। उसे रोकने या उसमें शामिल लोगों को सजा दिलाने में विफल रही कांग्रेस नीट यूजी के पेपर लीक के हवाले केंद्र सरकार पर हमलावर हो रही है। वास्तविकता यह है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड इस मामले में कांग्रेस की केंद्र और राज्यों की सरकारों के मुकाबले बहुत बेहतर है। कांग्रेस को ध्यान रखना चाहिए कि 2014 में एनडीए की सरकार बनने से पहले के सात साल में यूपीए के शासन में 71 परीक्षाओं के पेपर लीक हुए थे। असल में मौजूदा सरकार पिछली सरकार से जो गड़बड़ियां विरासत में मिली हैं उसे ठीक करने का काम कर रही है। इस काम में सरकार का सहयोग करने की बजाय विपक्ष इसमें अड़ंगा लगा रहा है। विपक्ष के साथ एक संकट यह भी है कि उसकी पार्टियों में आपस में ही तालमेल नहीं है। हर पार्टी अपने हिसाब से राजनीति करने में लगी है। आम आदमी पार्टी को चूंकि अगले साल के चुनाव में पंजाब और गोवा में कांग्रेस के खिलाफ लड़ना है इसलिए वह कांग्रेस की पोल खोल रही है। दूसरी विपक्षी पार्टियां चाहे वह समाजवादी पार्टी हो या शरद पवार की एनसीपी हो या उद्धव ठाकरे की शिव सेना, इनका सारा समय संतुलन बनाने में जा रहा है। ये कांग्रेस के साथ भी दिख रहे हैं और जंतर मंतर पर आम आदमी पार्टी के समर्थन से चल रहे आंदोलन में भी दिख रहे हैं। सवाल है कि ऐसा विपक्ष कैसे युवाओं में भरोसा पैदा कर पाएगा कि वह उनके हित में काम कर रहा है?

युवाओं को विपक्ष की राजनीति और उसके ट्रैक रिकॉर्ड की जानकारी है। इसलिए उनका भरोसा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर है। उनको पता है कि कांग्रेस ने जंतर मंतर के आंदोलन और सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल से बने माहौल को पटरी से उतारने का प्रयास किया। उनको यह भी पता है कि कांग्रेस जो कुछ भी कर रही है उसका मकसद सिर्फ राजनीतिक लाभ लेना है। इसलिए ‘जेन जीÓ के युवा अगर पेपर लीक से नाराज भी हुए तो उन्होंने कांग्रेस या किसी दूसरी विपक्षी पार्टी का समर्थन नहीं किया। वे कांग्रेस के किसी आंदोलन का हिस्सा नहीं बने। उन्होंने अपनी चिंताएं बता दीं और अब उनको भरोसा है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार उन चिंताओं को स्थायी समाधान के लिए काम कर रही है। युवाओं का अपने प्रधानमंत्री पर जो भरोसा है उसका असर आने वाले दिनों में दिखाई देगा, जब छात्र का प्रदर्शन पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा और सरकार लीकप्रूफ परीक्षा की व्यवस्था बनवा देगी।

# पूरी लीला ही पैसे से आयोजित-प्रायोजित

**हरिशंकर व्यास**







हां, हिंदू राष्ट्र को सोनम वांगचुक या जीडी अग्रवाल जैसे ‘कॉकरोचों से नहीं, बल्कि अडानी, अंबानी, चढ़ावा चोरों और ट्रंप जैसे लोगों से मतलब है। इन्हीं के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चिंता है, क्योंकि पूरी लीला ही पैसे से आयोजित-प्रायोजित है। आखिर कलियुग में भगवान तप से नहीं, मार्केटिंग से पैदा होते हैं और आस्था के नाम पर भीड़ को ठगना परमोधर्म है।

पिछले बारह वर्षों में क्या हुआ है? चाहे ‘श्वेत (काली की जगह) अर्थव्यवस्था का समय हो, ‘गंगा शववाहिनी का दौर, ‘अमृतकाल का आख्यान या ‘विकसित भारत के नारे- हर चरण में सबसे बड़ा निवेश मार्केटिंग पर हुआ। मार्केटिंग ने ही वह वातावरण, वह लेन-देन बनाया, जिसमें अडानी-अंबानी नए जगतसेठ बनकर उभरे। दूसरी और डोनाल्ड ट्रंप से लेकर शी जिनफिंग, पुतिन सभी के लिए भारत विशाल बाजार बना। पैसे की भूख, पैसे के जलवे, पैसे की माया का सीधा असर भक्तों पर भी पड़ा। इनके मन में यह विश्वास बैठाया गया कि भारत अभूतपूर्व गति से दौड़ रहा है, दुनिया भारत की ताकत स्वीकार कर रही है, मुक्त व्यापार समझौते हो रहे हैं और विश्व भारत के सामने नतमस्तक है। सच्चाई है कि जब अडानी दुनिया के बड़े खरबपतियों में शामिल हुए तो भक्तों ने इसे भी हिंदुओं की आन-बान-शान माना। बाद में जब इस चमक की परतें उखड़ीं, तब भी शेयर बाजार के खेल ने करोड़ों मध्यवर्गीय युवाओं को अपनी किस्मत आजमाने के सपने में बांधे रखा। इससे किसका कितना नुकसान हुआ, यह अलग प्रश्न है। लेकिन लाभार्थियों के खातों में सरकारी धन पहुंचाने से लेकर शेयर बाजार में करोड़ों युवाओं की सट्टेबाजी तक, एक ऐसा सम्मोहन रचा गया जिसमें भक्ति पुख्ता होती गई। मंदिरों में चढ़ावा बढ़ता है वही उसी चढ़ावे से हिंदू राष्ट्र की दुकानों में भी चौतरफा रौनक है।

सचमुच कलियुगी हिंदू राष्ट्र की स्थिरता की कई वजहों में एक कारण मंदिर, चढ़ावा, कृपा, पैसा, क्रोनीवाद और मार्केटिंग का वह मायाजाल है, जिसकी गहराई तभी समझ में आएगी जब लुटियंस दिल्ली के नए ‘सेवा तीर्थ की परतों को कोई उधेड़े। लुटियन का नया इकोसिस्टम केवल जवाबदेही-विहीन नहीं है, बल्कि संस्थागत लूट की वह ऐतिहासिक व्यवस्था है कि यदि दिल्ली को लूटने वाले नादिरशाह या मुगल बादशाह भी उसे देखें तो शर्मिंदा हो जाएं। उन्होंने दिल्ली को लूट का मात्र चरागाह माना था, जबकि अब वह लूट का तीर्थ है। लेकिन मजाल जो कोई गंभीर सवाल उठे या दास्तान बाहर आए।

उस नाते राम मंदिर से जुड़े विवाद या चंपत राय एंड पार्टी के प्रसंग बहुत छोटे हैं। वे तो केवल राजनीतिक हिसाब-किताब का हिस्सा हैं। असली खेल खरबपति क्रोनी पूंजीपतियों का है और ट्रंप, शी जिनफिंग, पुतिन जैसे उन वैश्विक नेताओं का है, जिन्होंने आर्थिक-सामरिक रिश्तों में भारत को सौ टका पराश्रित देश बना डाला है। पर-निर्भरता, लाचारी और गुलामी का एक नया वैश्विक मॉडल।




**मेष राशि** : आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। आज आपको किसी बड़े बिजनेस ग्रुप से जुड़ने का अवसर मिलेगा। विद्यार्थियों को अपनी मेहनत और प्रयासों के अनुकूल परिणाम मिलेगा। आज आपको उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होने वाला है।

**वृष राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको घर के बड़े बुजुर्गों से प्रेरणा मिलेगी कुछ बड़ा करने का प्लान बनाएंगे। आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। छात्रों की शैक्षिक मनोकामनाए पूर्ण होंगी और आपको परीक्षा में अच्छे अंक मिलेंगे, जिससे अपने पसंदीदा कॉलेज में आप एडमिशन ले पाएंगे। रिश्तेदार आज आपको बिजनेस बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव देंगे।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके जीवन में नए अवसर लेकर आने वाला है। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा जो की आने वाले समय में आपके लिए लाभकारी रहेगा। विद्यार्थियों को सफलता आज मिलने के योग बने हुए है, लेकिन पढाई में और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। आज घरवालों के साथ अच्छा समय बिताने को मिलेगा जिससे परिवार का माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन खुशनुमा रहने वाला है। कारोबारियों के लिए आज का दिन शुभ रहेगा। आज आप अपने काम की गुणवत्ता में सुधार लाकर और ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोडा अधिक मेहनत करने की जरुरत है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा का बेहतर परिणाम मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज किसी अनजान व्यक्ति के सहयोग से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज की गई मेहनत निकट भविष्य में बहुत लाभदायक साबित होगी इसलिए व्यर्थ की गतिविधियों से ध्यान हटाकर अपने कामों के प्रति सतर्क रहें।

**कन्या राशिः** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज घर की व्यवस्था बनाए रखने के लिए कुछ कठोर फैसले लेने पड़ सकते हैं, लेकिन इसका परिणाम सुखद रहेगा। आपको सरकारी कामों में कुछ लोगों से राय मिलेगी, जिससे आपका काम आसान हो जायेगा।आपका पुराना दोस्त आपको फोन करके आपको सरप्राइज देगा।

**तुला राशिः** आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज आप सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेंगे। कहीं से मन मुताबिक धनलाभ होने से मन को राहत मिलेगी।घर पर ही परिवारवालों के साथ मिलकर धार्मिक कार्यों का आयोजन करेंगें । सोशल वेलफ़ेयर सेक्टर में कार्यरत लोगों की पदोन्नति के योग है। ऑफिस के काम को थोड़ा संभलकर रहने की जरूरत है आपके प्रति शत्रु भाव रखने वाला व्यक्ति आपके काम की शिकायत उच्चाधिकारी से कर सकता है।

**वृश्चिक राशिः** आज आपको शुभ समाचार मिलने वाला है। आज पिता जी आपको पैतृक व्यवसाय की कुछ महत्वपूर्ण जानकारी देंगे और आपको नई जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। विद्यार्थी पूरी मेहनत से अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखेंगे और बेहतर परिणाम हासिल करेंगे।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज के दिन आपको कुछ नई उपलब्धियां हासिल होने वाली हैं। आज व्यापार में किसी ऐसी कंपनी के साथ डील फाइनल होगी, जो आपको उम्मीद से अधिक फायदा करायेगी। वकीलों के लिये आज का दिन अच्छा रहेगा, नया केस हाथ लगेगा।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। आज दिनभर भागदौड़ की स्थिति रहेगी, लेकिन इसके परिणाम काफी लाभदायक होंगे जिससे आपका उत्साह बना रहेगा । आज आपको किसी भी प्रकार के विवाद से दूर रहने की आवश्यकता है और बिना सोचे-समझे किसी अजनबी पर भरोसा ना करें।

**कुंभ राशि** : आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज कुछ प्रतिष्ठित लोगों से आपकी मुलाकात होगी जिससे आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। ऑफिस में आप किसी प्रोजेक्ट के लिये अपनी सटीक राय देंगे, बॉस आपके काम की तारीफ करेंगे। लेखन कार्यों में आज आपका रुझान बढ़ेगा आपकी लेखनी में सुधार आएगा।

**मीन राशिः**आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। बड़े निर्णय लेने के लिए दिन अच्छा है। आज आपको किसी नयी बिजनेस डील के लिए ऑफर मिलेगा। आप जीवनसाथी के साथ घरेलू कार्यों को पूरा करने में व्यस्त रहेंगे। मेडिकल की पढ़ाई कर रहे छात्रो के लिए दिन अच्छा है। बेटी के ससुराल पक्ष से बड़ी खुशखबरी मिलने के योग बन रहे है ।

# छात्रों से संवाद की ओर बढ़ते कदम

**डॉ. प्रवीण दाताराम**

देश के प्रधानमत्री ने देश की अंदरूनी शान्ति के लिए या आगे किसी बड़े लक्ष्य को साधने के लिए ऐसी फॉरेन फंडेड, फॉरेन लेंग्वेज्ड, फॉरेन फीडेड, फॉरेन माइंडेड और निर्लज्ज शक्तियों के आगे समर्पण कर दिया है। स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपराओं का निर्वहन करते हुए और समय की संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए उनका यह कदम बड़प्पन से परिपूर्ण कदम तो है किंतु, दीर्घकालिक दृष्टि से है तो यह गलत ही। इसके परिणामों के प्रति देश को अभी से सचेत होना होगा।

छात्रशक्ति की बात रही तो सर संघचालक जी मोहन भागवत जी ने स्पष्ट परामर्श (स्वयंसेवक के लिए निर्देश) दिया है कि हमें बच्चों से संवाद बढ़ाना ही होगा। देश किशोरों, युवाओं, विद्यार्थियों से संवाद की यह प्रक्रिया अब बढ़ेगी भी और निश्चित ही सकारात्मक परिणाम भी देगी।

नरेंद्र मोदी जी द्वारा कृषि कानून वापिस लेते समय मैंने एक आलेख में लिखा था जनमत के दबाव में देश के राजा द्वारा अपने निर्णय बदलना राजा के जीवंत, विवेक, मर्म व उत्तरदायित्व भाव का प्रमाण है। प्रधानमंत्री जी लोकभीरु (जनता से डरने वाले) हैं तो यह शुभ-लक्षण है। यह भी सही है कि धर्मेन्द्र प्रधान जी का त्यागपत्र कराना ही था तो UGC के समय ही करा लेना था। वह सही समय था। धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे का यह समय ठीक नहीं है।

आद. प्रधानमंत्री जी ने धर्मेंद्र जी प्रधान से त्यागपत्र लेकर किसी शेर की भांति एक कदम पीछे लिया है तो किसी दीर्घकालिक एजेंडे की रक्षा और पूर्ति के लिए ही किया होगा। निश्चित ही उन्होंने संघशक्ति की प्रेरणा से यह कदम राष्ट्रहित में ही उठाया होगा। इंटरनेट पर यहाँ-वहाँ बिखरे पड़े इस आंदोलन के सैकड़ों वीडियो देखिए, फिर सोचिए। फिर अपने आसपास के छात्रों को अवश्य देखिए। अपने नगर के सैकड़ों छोटे-बड़े सभी कालेज के विद्यार्थियों का बारीकी से चुपचाप परीक्षण और अध्ययन कीजिए। इसके बाद सोचिए और बताइये कि इस वीडियो में जो हैं, क्या वे विद्यार्थी हैं? और यदि हैं भी तो क्या ऐसे विद्यार्थियों के दबाव में देश की सत्ता को आना चाहिए? मोदी जी हों या कोई किसी अन्य दल के कोई और प्रधानमंत्री हों, उसके विषय में ऐसी भाषा बोलकर जनता को भड़काना क्या उचित है? विशेषतः इन कथित छात्राओं को देखकर बताएँ आप। ये भी कहता हूँ कि, हैं तो ये हमारी देशज संतान ही, किंतु हमारे बच्चों को किसने इतना भड़काया और बहकाया है? कौन है जो हमारी इस मासूम छात्रशक्ति की लज्जा-लिहाज पर डाका डाल गया है? इनके सारे संस्कार अपहृत हो गए और हमें पता भी न चला। जॉर्ज सोरोस की सोच से बढ़ा ये आंदोलन है या अश्लीलता और देश विभाजन के दुष्कृत्य का नंगा नाच है?

नरेंद्र मोदी जी का ये सरेंडर, आरएसएस और इसके प्रचारक मोदी के लिए कुछ भी चिंताजनक नहीं है। ये महाशय मोदी और ये संघ, अपना झोला उठाकर कहीं भी, कभी भी चल पड़ेंगे। सोचना तो हमें है कि हम और कोई और ऐसा प्रधानमंत्री और ऐसी संघशक्ति कहाँ से लायेंगे जो हमें बारह वर्षों तक तमाम दुर्लक्ष्यों जैसे अद्वितीय आर्थिक विकास, गगन-पाताल को भेदने वाला इन्फ्रास्ट्रक्चर, मंगल मिशन, चंद्रमा मिशन, राममंदिर, अनुच्छेद 370, कश्मीर में शांति, असम-बंगाल के रास्ते बांग्लादेशी घुसपैठियों पर रोक, विदेशों में हमारा बड़ा सा बार्गेनिंग पॉवर, पाकिस्तान में भीतर तक घुसकर एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर आदि को साधकर भी दंगामुक्त शासन दे पायेगी? संघ परिवार के अतिरिक्त कोई भी पार्टी इनमें से एक भी काम करती तो देश भर में दंगे होते। खून की नदियाँ बहती। ऐतिहासिक मार-काट होती। कदाचित् (शायद) गृहयुद्ध भी हो जाता। शाहीन बाग से लेकर ये जंतर-मंतर तक, ये सब भारत में गृहयुद्ध भड़काने की तैयारी ही तो है।

याद है न? इन्हीं लोगो के शब्द हैं - “धारा 370 को छू कर देख लो, खून की नदियाँ बह जाएँगी” और ये पाकिस्तानी भाषा भी याद होगी आपको - “पंद्रह मिनिट के लिए देश की फौज और पुलिस को रोक लेना हम इस देश में तख़्ता पलट देंगे” और यह भी कि “मंदिर.. तारीख नहीं बताएँगे”। ये सब इस संघशक्ति ने किया भी और खून की नदियाँ तो छोड़िए साहब; इन्होंने देश में परिंदे को पर भी न मारने दिए हैं। संघशक्ति से मोदी ने स्वयं को परिश्रमपूर्वक सिद्ध किया है, इस देश की जनता के समक्ष। 75 की आयु में अट्ठारह घंटे काम कर रहा ये बिना भगवे का सन्यासी हमारी अंतर्राष्ट्रीय पूंजी है। इन्होंने इस देश से बाबर और औरंगजेब का नाम मिटाया है और अरब में जाकर मंदिरों के शिलान्यास से लेकर प्राणप्रतिष्ठा तक के दसियों आयोजन करवा दिए हैं। अरेबियन मुस्लिम योग-ध्यान के पीछे पागल हुए हैं तो इसी भारत सरकार की कलाकारी से ही हुए हैं। ये आंदोलन धर्मेंद्र प्रधान के विरोध में या फूलफ्रूफ नीट परीक्षाओं के लिए नहीं था। यदि होता तो परीक्षाओं पर विश्व का सर्वाधिक सटीक और प्रभावी कानून आने के बाद ये आंदोलनकारी शांति से अलग हो जाते। ये आंदोलन उस संघ शक्ति के विरोध में है जो इस देश को कॉमन सिविल कोड की देने की तैयारी में लगी है, जो हमें नागरिकता रजिस्टर जैसा बड़ा कवच (सिस्टम) देनें की तैयारी कर रही है, जो हमें कभी न कभी हमारा मुकुटमणि पाक आकूपाइड कश्मीर भी वापिस दिलवाने वाली है। हमें यह भी सोचना चाहिए कि आखिर इन फॉरेन पॉवर सेंटर्स को नरेंद्र मोदी से क्या कष्ट है और क्यों है? एक “शक्तिशाली भारत” के विरोध में खड़े है ये सब, और हमें लगता है कि ये प्रधानमंत्री का विरोध है। फिर कहता हूँ, ये सब वीडियो देखना, इस जैसे सैकड़ों वीडियो इंटरनेट पर यहाँ-वहाँ घूम रहें हैं उन्हें भी देखना। दिल्ली छात्र आंदोलन के एआई जनरेटेड फोटो वीडियो आदि भी देखना। जनता को भड़काने और भुजाएँ फड़क जाएँ ऐसे फेक/नकली वीडियो/फोटो किस लक्ष्य से बने हैं? कौन है जो ऐसी पिशाच बुद्धि से ये सब करा रहा है? सनद रहे मोदी तो बहाना है, इनका लक्ष्य समूचे देश को पटिए पर लाना है और देश में गृहयुद्ध फैलाना है। धर्मेंद्र प्रधान का त्यागपत्र कोई कीमत नहीं है। इसकी एक बड़ी कीमत हमने चुका दी है और संभवतः आगे इससे भी बड़ी कीमतें हमें चुकानी पड़ेगी। समूचे देश को सावधान हो जाने का समय आ गया है।

धर्मेंद्र प्रधान के त्यागपत्र के सही गलत का प्रश्न नहीं उठा रहा हूं। इस त्यागपत्र के समय, परिस्थिति, पृष्ठभूमि, निर्लज्ज प्रकार की हठधर्मिता पर प्रश्न है। देश के मान. प्रधानमंत्री ने यदि देश की अंदरूनी शान्ति के लिए या आगे किसी बड़े लक्ष्य को साधने के लिए ऐसी फॉरेन फंडेड, फॉरेन लेंग्वेज्ड, फॉरेन फीडेड, फॉरेन माइंडेड और निर्लज्ज शक्तियों के आगे हथियार डाल दिए हैं। रही छात्रशक्ति की बात तो संघ प्रमुख ने स्पष्ट परामर्श (स्वयंसेवक के लिए निर्देश) दिया है कि हमें बच्चों से संवाद बढ़ाना ही होगा। मोदी जी द्वारा कृषि क़ानून वापिस लेते समय मैंने एक आलेख में लिखा था जनमत के दबाव में देश के राजा द्वारा अपने निर्णय बदलना राजा के जीवंत, विवेक, मर्म व उत्तरदायित्व भाव का प्रमाण है। प्रधानमंत्री जी लोकभीरु (जनता से डरने वाले) हैं तो यह शुभ-लक्षण है। यह भी सही है कि धर्मेन्द्र प्रधान जी का त्यागपत्र कराना ही था तो UGC के समय ही करा लेना था। वह सही समय था। धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे का यह समय ठीक नहीं है। आद. प्रधानमंत्री जी ने धर्मेंद्र जी प्रधान त्यागपत्र लेकर किसी शेर की भांति एक कदम पीछे लिया है तो किसी दीर्घकालिक एजेंडे की रक्षा और पूर्ति के लिए ही किया होगा। निश्चित ही उन्होंने संघशक्ति की प्रेरणा से यह कदम राष्ट्रहित में ही उठाया होगा। इस पोस्ट के वीडियो देखिये। इंटरनेट पर यहाँ-वहाँ बिखरे सैकड़ो वीडियो देखिये, फिर सोचिये। फिर अपने आसपास के छात्रों को अवश्य देखिए।

प्रकाशक एवं स्वामी सागर सूरज, द्वारा सरोतर निवास, राजाबाजार-कचहरी रोड, मोतिहारी, बिहार-845401 से प्रकाशित व प्रकाश प्रेस मोतिहारी से मुद्रित, संपादक-सागर सूरज* फोन न.9470050309 प्रसारः-9931408109 ईमेलः-bordernewsmirror@gmail.com वेबसाइटः-bordernewsmirror.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) RNI. N. BIHBIL/2022/88070

# एशियाई खेल 2026 के लिए भारतीय पुरुष हॉकी टीम घोषित, हरमनप्रीत सिंह के हाथों में कमान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



हॉकी इंडिया ने बुधवार को जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक होने वाले 20वें एशियाई खेल 2026 के लिए 20 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। टीम की कप्तानी स्टार डिफेंडर और ड्रैग-फ्लिक विशेषज्ञ हरमनप्रीत सिंह करेंगे, जबकि अनुभवी मिडफील्डर मनप्रीत सिंह टीम के उपकप्तान होंगे।

भारत मौजूदा एशियाई खेल चैंपियन के रूप में टूर्नामेंट में उतरेगा। हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2023 के हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल किया था। इस बार भी टीम का लक्ष्य खिताब बचाने के साथ-साथ लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक का सीधा कोटा हासिल करना होगा। गोलकीपिंग की जिम्मेदारी मोहित एचएस और सूरज करकेरा संभालेंगे। रक्षापंक्ति में जरमनप्रीत सिंह, हरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, सुमित और यशदीप सिवाच शामिल हैं। मिडफील्ड में राजिंदर सिंह, राज कुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, नीलकांत शर्मा और विवेक सागर प्रसाद टीम की कमान संभालेंगे। वहीं आक्रमण की जिम्मेदारी दिलप्रीत सिंह, शिलानंद लाकड़ा, सुखजीत सिंह, मनदीप सिंह और अभिषेक के कंधों पर होगी। भारतीय टीम को पूल-ए में मेजबान जापान, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश, श्रीलंका और इंडोनेशिया के साथ रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 20 सितंबर को इंडोनेशिया के खिलाफ करेगा। इसके बाद टीम 22 सितंबर को श्रीलंका, 24 सितंबर को दक्षिण कोरिया, 26 सितंबर को जापान और 28 सितंबर को बांग्लादेश से भिड़ेगी। मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने टीम चयन पर कहा कि यह बेहद अनुभवी टीम है और सभी खिलाड़ियों का लक्ष्य एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीतकर लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करना है। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उन्हें टीम के हर खिलाड़ी पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा संतुलन टीम की सबसे बड़ी ताकत है। खिलाड़ियों को बिना दबाव के अपनी जिम्मेदारी समझते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

## दबाव नहीं, जीत की ताकत बना आत्मविश्वास; भारतीय खिलाड़ियों ने साझा किया सफलता का मंत्र

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रमंडल खेल 2026 में भारतीय खिलाड़ी सिर्फ अपनी शारीरिक क्षमता ही नहीं, बल्कि मानसिक मजबूती का भी शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की ओर से जारी विशेष रिपोर्ट में खिलाड़ियों ने बताया कि बड़े मुकाबलों का दबाव उन्हें कमजोर नहीं, बल्कि और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता है। ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता मीराबाई चानू ने भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) के हवाले से कहा कि उन्होंने कभी दबाव से डरना नहीं सीखा। जब भी वह भारत के लिए खेलती हैं तो दबाव उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने का माध्यम बन जाता है। मानसिक मजबूती और दबाव का गहरा संबंध है, इसलिए वह दबाव को सकारात्मक रूप में स्वीकार करती हैं। ऊंची कूद में रजत पदक जीतने वाले सर्वेश कुशारे ने बताया कि कड़ी प्रतिस्पर्धा और ठंडे मौसम के बावजूद उन्होंने दबाव का आनंद लिया। साथी खिलाड़ी तेजस्विन शंकर के उत्साहवर्धन और अपने अनुभव की बदौलत वह इस महीने लगातार तीन बड़ी प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर सके। ओलंपिक पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहैन ने कहा कि शीर्ष स्तर पर सफलता के लिए दबाव को स्वीकार करना जरूरी है। वहीं ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज चोपड़ा ने कहा कि भारत का प्रतिनिधित्व करते




समय अपेक्षाओं का दबाव हमेशा रहता है, लेकिन वह इसे बोझ नहीं बल्कि आगे बढ़ने की प्रेरणा मानते हैं। भारोत्तोलन में रजत पदक जीतने वाली ज्ञानेश्वरी यादव ने बताया कि प्रतियोगिता से पहले वह भगवद्गीता का पाठ करती हैं, जिससे उन्हें मानसिक शांति और आत्मविश्वास मिलता है। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष डॉ. पीटी उषा ने कहा कि दबाव हर खिलाड़ी के जीवन का हिस्सा है। उन्होंने खिलाड़ियों को अपनी तैयारी पर भरोसा रखने और अपेक्षाओं से विचलित हुए बिना प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। सच्चे चैंपियन वही होते हैं जो दबाव से भागते नहीं, बल्कि उसी के बीच सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। आईओए के अनुसार ग्लासगो राष्ट्रमंडल खेलों में जैसे-जैसे प्रतियोगिताएं आगे बढ़ेंगी, दबाव भी बढ़ेगा। ऐसे में मानसिक मजबूती ही खिलाड़ियों को पदक तक पहुंचाने में सबसे बड़ी भूमिका निभाएगी।

## राष्ट्रमंडल खेल-2026: छठे दिन भारत को दो रजत पदक

### 12 पदकों के साथ तालिका में नौवें स्थान पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



राष्ट्रमंडल खेल-2026 के छठे दिन भारत ने अपने खाते में दो और रजत पदक जोड़कर कुल पदकों की संख्या 12 पहुंचा दी। एथलेटिक्स में गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में ऐतिहासिक रजत पदक जीता, जबकि हरजिंदर कौर ने महिलाओं के 69 किलोग्राम भार वर्ग में कुल 227 किलोग्राम वजन उठाकर दूसरा रजत अपने नाम किया। इन दोनों उपलब्धियों के साथ भारत के खाते में अब 2 स्वर्ण, 7 रजत और 3 कांस्य सहित कुल 12 पदक हो गए हैं। पदक तालिका में भारतीय दल नौवें स्थान पर बना हुआ है। पदक तालिका में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा लगातार कायम है। ऑस्ट्रेलिया ने अब तक 35 स्वर्ण, 18 रजत और 27 कांस्य सहित कुल 80 पदक जीतकर पहला स्थान मजबूत किया है। कनाडा 13 स्वर्ण, 10 रजत और 12 कांस्य सहित कुल 35 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है, जबकि इंग्लैंड 10 स्वर्ण, 18 रजत और 15 कांस्य सहित कुल 43 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर बना हुआ है। मेजबान स्कॉटलैंड 7 स्वर्ण के साथ चौथे, नाइजीरिया पांचवें, मलेशिया छठे, दक्षिण अफ्रीका सातवें और न्यूजीलैंड आठवें स्थान पर हैं। भारत नौवें स्थान पर है, जबकि जमैका शीर्ष-10 में दसवें स्थान पर मौजूद है। भारत को अब आगामी मुकाबलों में एथलेटिक्स, मुक्केबाजी, सहित अन्य स्पर्धाओं से पदकों की उम्मीद रहेगी, जिससे पदक तालिका में उसकी स्थिति और मजबूत हो सकती है।

## ताइपे ओपनः प्रणय और अनमोल खरब दूसरे दौर में, रौनक और श्रियांशी बाहर

**एजेंसी, ताइपे** । भारत के अनुभवी शटलर एच.एस. प्रणय ने ताइपे ओपन-2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत करते हुए पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। सातवीं वरीयता प्राप्त प्रणय ने जापान के मिनोरू कोगा को केवल 35 मिनट में 21-11, 21-14 से हराकर अगले दौर का टिकट कटाया। विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता प्रणय इस सीजन संघर्ष से गुजर रहे थे। ताइपे पहुंचने से पहले वह इस वर्ष केवल तीन बार शुरुआती दौर पार कर सके थे। अब दूसरे दौर में उनका मुकाबला भारत के मिथुन मंजूनाथ और हांगकांग के जेसन गुनावन के बीच होने वाले मुकाबले के विजेता से होगा। महिला एकल में अनमोल खरब ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए दूसरे दौर में जगह बनाई। उन्होंने भारत की ही इशिका जायसवाल को 56 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-15, 11-21, 21-19 से हराया। अब अनमोल का सामना अश्मिता चालिहा और चीनी ताइपे की दूसरी वरीयता प्राप्त टी लिन ह्सियांग के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगा। हालांकि, भारत को कुछ निराशा भी हाथ लगी। पुरुष एकल में रौनक चौहान को सिंगापुर के रिची डुटा रिचार्डो ने 21-14, 21-16 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

## आईपीएल ने भारत में खेलों को देखने का नजरिया बदला : नेस वाडिया

**एजेंसी, मुंबई**



पंजाब किंग्स के सह-मालिक नेस वाडिया ने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने भारत में खेलों को देखने का नजरिया पूरी तरह बदल दिया है। उन्होंने कहा कि आईपीएल ने न सिर्फ खिलाड़ियों के लिए नए अवसर पैदा किए हैं, बल्कि निवेश, खेल उद्योग और खेल ब्रांडों को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। हूलिहान लोकी की वर्ष 2026 की आईपीएल वैल्यूएशन स्टडी में शामिल वाडिया ने कहा कि जब उन्होंने 2008 में पंजाब किंग्स (तत्कालीन किंग्स इलेवन पंजाब) में निवेश किया था, तब उन्हें विश्वास था कि भारतीय खेल एक नए दौर में प्रवेश करने वाला है। उन्होंने कहा कि शुरुआती सात वर्षों तक फ्रेंचाइजी को लाभ नहीं हुआ, लेकिन उनका भरोसा कभी नहीं डिगा। रिपोर्ट के अनुसार, 2026 सीजन के बाद आईपीएल का व्यावसायिक मूल्य बढ़कर 20.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 11.4 प्रतिशत अधिक है।

लीग का ब्रांड मूल्य 4.3 अरब अमेरिकी डॉलर पहुंच गया है, जिसमें 10.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। पंजाब किंग्स के निवेश का मूल्य भी बढ़कर लगभग 1,510 करोड़ रुपये (158 मिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गया है। वाडिया ने कहा कि आईपीएल की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और आगामी मीडिया अधिकारों के चक्र में भी इसकी कीमत और अधिक बढ़ने की संभावना है।

# बिजनेस

## प्राइमरी मार्केट में लॉन्च हुआ मणिपाल हॉस्पिटल का आईपीओ, 31 जुलाई तक लगा सकते हैं बोली

**एजेंसी, नई दिल्ली**




मणिपाल हॉस्पिटल के नाम से देश के कई शहरों में हेल्थकेयर सुविधा देने वाली कंपनी मणिपाल हेल्थ इंटरप्राइजेज का 9,275.22 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 31 जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद तीन अगस्त को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि चार अगस्त को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर पांच अगस्त को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 560 रुपये से लेकर 590 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 25 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स कम से कम एक लॉट यानी 25 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, जिसके लिए उन्हें 14,750 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह रिटेल इनवेस्टर 1,91,750 रुपये के निवेश से अधिकतम 13 लॉट में 325 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। इस आईपीओ के तहत दो रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 15,72,07,054 करोड़ शेयर जारी किए जा रहे हैं। इनमें लगभग आठ हजार करोड़ रुपये के 13,55,93,220 नए शेयर जारी किए जा रहे हैं, जबकि लगभग 1,275 करोड़ रुपये के 2,16,13,834 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जा रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए कम से कम 75 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है। इसके अलावा रिटेल इनवेस्टर्स के लिए ज्यादा से ज्यादा दस प्रतिशत हिस्सा और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स (एनआईआई) के लिए अधिकतम 15 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व है। इस इश्यू के लिए कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड को बुक रनिंग लीड मैनेजर बनाया गया है, जबकि केफिन टेक्नोलॉजीज लिमिटेड को रजिस्ट्रार बनाया गया है। मणिपाल हेल्थ इंटरप्राइजेज की वित्तीय स्थिति की बात करें तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत मजबूत बनी रही है। हालांकि कंपनी के शुद्ध लाभ में उतार चढ़ाव होता रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 533.20 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 1,081.67 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का शुद्ध लाभ घट कर 916.52 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में लगातार बढ़ोतरी हुई।

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशिया में भी मिला-जुला कारोबार

**एजेंसी, नई दिल्ली** । ग्लोबल मार्केट से आज मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज कमजोरी के साथ कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान खरीदारी होती रही। जबकि एशियाई बाजार में आज मिला-जुला कारोबार हो रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान मिला-जुला कारोबार होता रहा। एस एंड पी 500 इंडेक्स 0.21 प्रतिशत की मजबूती के साथ 7,428.78 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसके विपरीत नैस्डेक ने 0.22 प्रतिशत टूट कर 24,876.91 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। वहीं डाउ जॉन्स फ्यूचर्स आज फिलहाल 0.14 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 52,675.91 अंक के स्तर पर कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र के दौरान तेजी का रुख बना रहा। एफटीएसई इंडेक्स 89.27 अंक यानी 0.82 प्रतिशत उछल कर 10,871.02 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.62 प्रतिशत की छलांग लगा कर 8,458.78 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक

**एजेंसी, नई दिल्ली**



घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान गिरावट का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। कीमत में आई कमजोरी के कारण चेन्नई और मुंबई के अलावा देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 1,570 रुपये प्रति 10 ग्राम लेकर 1,740 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया है। वहीं चेन्नई और मुंबई में सोने की कीमत में 1,570 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,710 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इसी तरह चांदी भी आज 5,000 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ती हो गई है।

कीमत में हुए बदलाव के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,44,160 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,44,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,32,140 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,32,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 2,34,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,44,310 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,44,160 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,44,210 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,32,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,44,160 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,32,140 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,44,160 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,44,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,32,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,44,310 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,32,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,44,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,32,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**एजेंसी, नई दिल्ली**



घरेलू शेयर बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान तेजी का रुख बना हुआ है। आज के कारोबार की शुरुआत भी मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद कुछ देर के लिए बिकवाली का दबाव भी बना। हालांकि यह बिकवाली थोड़ी देर में ही रुक गई और खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी। लिवाली के जोर से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल में और तेजी आ गई।

सुबह 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.94 प्रतिशत और निफ्टी 0.88 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। 10 बजे तक का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट की दिग्गज कंपनियों में से इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, लार्सन एंड टूब्रो, टीसीएस और टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के शेयर 3.45 प्रतिशत से लेकर 2.02 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, इंटरग्लोब एविएशन, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, कोल इंडिया, पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन और एक्सिस बैंक के शेयर 1.17 प्रतिशत से लेकर 0.47 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,693 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 2,003 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 690 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 23 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर सात शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 38 शेयर हरे निशान में और 12 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला एचआर हाइजीन प्रोडक्ट्स का आईपीओ, 5 अगस्त को हो सकती है लिस्टिंग

**एजेंसी, नई दिल्ली** । सैनिटरी पैड, बेबी डायपर और एडल्ट केयर प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी एचआर हाइजीन प्रोडक्ट्स लिमिटेड का 53.95 करोड़ रुपये का आईपीओ आज सब्सक्रिप्शन के लिए लॉन्च कर दिया गया। इस आईपीओ में 31 जुलाई तक बोली लगाई जा सकती है। इश्यू की क्लोजिंग के बाद तीन अगस्त को शेयरों का अलॉटमेंट किया जाएगा, जबकि चार अगस्त को अलॉटेड शेयर डीमैट अकाउंट में क्रेडिट कर दिए जाएंगे। कंपनी के शेयर पांच अगस्त को बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट हो सकते हैं। इस आईपीओ में बोली लगाने के लिए 83 रुपये से लेकर 88 रुपये प्रति शेयर का प्राइस बैंड तय किया गया है, जबकि लॉट साइज 1,600 शेयर का है। इस आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स को दो लॉट यानी 3,200 शेयरों के लिए बोली लगाना होगा, जिसके लिए उन्हें 2,81,600 रुपये का निवेश करना होगा। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 61,31,200 नए शेयर जारी हो रहे हैं। इनमें लगभग 11 करोड़ रुपये के लगभग 12,25,600 शेयर ऑफर फॉर सेल विंडो के जरिये बेचे जा रहे हैं, जबकि लगभग 43 करोड़ रुपये के 49,05,600 नए शेयर जारी हो रहे हैं। इस आईपीओ में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए 47.44 प्रतिशत हिस्सा रिजर्व किया गया है।

## आईटीआर दाखिल करने के आखिरी तीन दिन, 31 जुलाई के बाद लगेगी लेट फीस

**एजेंसी, नई दिल्ली**




आकलन वर्ष 2026-27 यानी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आयकर रिटर्न आईटीआर फाइल करने के लिए अब सिर्फ 3 दिनों का समय बचा है। आम करदाताओं के लिए रिटर्न फाइल करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई, 2026 है। वहीं, बिजनेस क्लास (आईटीआर-3 और आईटीआर-4) के कुछ करदाताओं के लिए यह 31 अगस्त, 2026 है। आयकर विभाग ने बुधवार को 'एक्स' पर जारी पोस्ट में कहा कि आईटीआर की डेडलाइन चूकना 'हिट विकेट' होने जैसा है, जिसे आसानी से टाला जा सकता है। देर से आयकर रिर्टन भरने पर लगने वाली फीस और ब्याज से बचें, जल्दी आईटीआर फाइल करके इसे 'फ्री हिट' में बदलें। विभाग ने कहा कि आकलन वर्ष 2026-27 के लिए आईटीआर-1 और आईटीआर-2, 31 जुलाई, 2026 से पहले मिला लें और अपना रिर्टन http://incometax.gov.in पर फाइल कर दें। विभाग के मुताबिक अगर आप 31 जुलाई तक आईटीआर भरने से चूक जाते हैं तो 31 दिसंबर तक जुर्माना भरकर 'बिलेटेड रिटर्न' फाइल कर सकते हैं। हालांकि, इसके लिए आपको लेट फीस देनी होगी। आईटीआर आपकी पूरी आय, निवेश और वित्तीय लेन-देन का आधिकारिक रिकॉर्ड होता है।

# बॉक्स ऑफिस पर 'धमाल 4 का धमाका, अजय देवगन की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी फिल्म बनी, टोटल धमाल का रिकॉर्ड तोड़ा

अभिनेता अजय देवगन की फिल्म 'धमाल 4 इन दिनों बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है। एडवेंचर-कॉमेडी से भरपूर यह फिल्म नई रिलीज फिल्मों 'जन नायकन और हॉलीवुड फिल्म 'द ओडिसी के बीच भी दर्शकों की पहली पसंद बनी हुई है। फिल्म ने अपने तीसरे सप्ताहांत में भी शानदार कमाई करते हुए टिकट खिड़की पर अपनी पकड़ मजबूत बनाए रखी है। रविवार को रिलीज के 17वें दिन भी फिल्म की कमाई में बड़ा उछाल देखने को मिला। बॉक्स ऑफिस रिपोर्ट के अनुसार, 'धमाल 4 ने भारत में 17 दिनों में कुल 157.13 करोड़ रुपये का शुद्ध कारोबार कर लिया है। वहीं कर सहित फिल्म की कुल कमाई 185.41 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। फिल्म ने पहले सप्ताह में भारत में 99.09 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इसके बाद दूसरे सप्ताह में भी फिल्म ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए 44.24 करोड़ रुपये जुटाए। तीसरे सप्ताह के शुक्रवार यानी 15वें दिन फिल्म ने 2.29 करोड़ रुपये कमाए। इसके बाद शनिवार को कमाई में तेजी आई और फिल्म ने 4.79 करोड़ रुपये का कारोबार किया। वहीं तीसरे रविवार को फिल्म की कमाई में करीब 40 प्रतिशत का उछाल दर्ज किया गया और इसने 6.72 करोड़ रुपये का शुद्ध कारोबार किया। 17 दिनों की कमाई के साथ 'धमाल 4 ने अपनी फ्रेंचाइजी की पिछली तीनों फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म ने 'टोटल धमाल के 154.30 करोड़ रुपये के आजीवन कारोबार को पार कर लिया है। इसके साथ ही यह 'धमाल फ्रेंचाइजी की अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। 'धमाल 4 ने अजय देवगन के करियर में एक और उपलब्धि जोड़ दी है। यह भारत में उनकी छठी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन चुकी है। फिल्म ने 'शैतान के 154.30 करोड़ रुपये के कारोबार को पीछे छोड़ दिया है। अब फिल्म के सामने अगला लक्ष्य अजय देवगन की फिल्म 'रेड 2 के 179.30 करोड़ रुपये के कारोबार को पार करना है। अगर 'धमाल 4 यह आंकड़ा पार कर लेती है तो यह अजय देवगन की भारत में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली शीर्ष पांच फिल्मों में शामिल हो जाएगी। बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की मौजूदा रफ्तार को देखते हुए उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में 'धमाल 4 कई और नए रिकॉर्ड अपने नाम कर सकती है।





# ओह माय डॉग की रिलीज तारीख बदली, अब 7 अगस्त, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी

पंकज त्रिपाठी की फिल्म ओह माय डॉग का इंतजार कर रहे फैंस के लिए बुरी खबर है। अमित राय द्वारा निर्देशित ये फिल्म पहले 31 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, जो टल गई है। निर्माताओं ने इसे एक सप्ताह के लिए स्थगित करने का फैसला लिया है, जिससे लोगों को इंतजार करना होगा। बता दें, ओह माय डॉग का ट्रेलर कुछ दिन पहले जारी हुआ था और तब से लोग फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, ओह माय डॉग के निर्माताओं को सिनेमाघरों की कमी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि मार्वल की बहुप्रतीक्षित फिल्म स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे को प्राथमिकता दिए जाने की उम्मीद है। टॉम हॉलैंड और जेंडाया अभिनीत ये सुपरहीरो फिल्म बड़े पैमाने पर सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है, जिससे छोटी फिल्मों के लिए पर्याप्त प्रदर्शन हासिल करना मुश्किल होगा। ऊपर से धमाल 4, द ओडिसी और द इंडिया स्टोरी जैसी फिल्मों की सिनेमाघरों में भरमार है। फिल्म को आगे बढ़ाने के फैसले पर बात करते हुए निर्देशक ने कहा कि ओह माय डॉग को स्थगित करने का




फैसला "पूरी तरह से व्यावहारिक" था, जो सिनेमाघरों में दर्शकों की भारी भीड़ के कारण लिया गया था, न कि फिल्म को लेकर किसी चिंता के कारण। रिपोर्ट में कहा गया है कि फिल्म अब 7 अगस्त, 2026 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।
हाल ही में सेंसर बोर्ड ने ओह माय डॉग को यू/ए प्रमाणपत्र देकर पास किया है।

# ममता कुलकर्णी के लोकप्रिय गाने का बना रीमेक, राणाजी 2.0 में इस बार माहिरा शर्मा ने लगाई डांस का तड़का

बॉलीवुड में लोकप्रिय गानों का रीमेक बनना कोई बड़ी बात नहीं है। अब 90 के दशक का चर्चित गाना मुझको राणा जी माफ करना रीमेक बनकर लौटा है, जिसे राणाजी 2.0 नाम दिया गया है। इसमें माहिरा शर्मा अपने डांस का तड़का लगाती हुई नजर आ रही हैं। रीमेक वर्जन में भी आवाज अलका याग्निक और इला अरुण की है, लेकिन इसका संगीत तनिष्क बागची ने दिया है। कोरियोग्राफी रेमो डिसूजा ने की है, जबकि निर्माता कुमारी तौरानी हैं। टिप्स फिल्म्स के यूट्यूब चैनल पर राणाजी 2.0 गाना रिलीज हुआ है, जिसे मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। एक यूजर ने लिखा, राणा जी, सिर्फ एक हो सकते हैं और वो अमरीश पुरी हैं। एक अन्य यूजर ने लिखा, बार-बार सिर्फ अलका याग्निक के गानों का रीमेक क्यों बनाया जा रहा है? बता दें, असल में यह गाना शाहरुख खान और सलमान खान अभिनीत फिल्म करण अर्जुन (1995) का है, जिसे ममता कुलकर्णी पर फिल्माया गया था।






# बॉक्स ऑफिस पर दहाड़ रही जन नायकन 4 दिनों में वर्ल्डवाइड कमाई 200 करोड़ के पार

थलापति विजय की फिल्म जन नायकन सिनेमाघरों में ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। फिल्म 23 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसे समीक्षकों और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया हासिल हुई। तब से वीकेंड पर शानदार कारोबार करते हुए इसने वर्ल्डवाइड 200 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी विजय की फिल्म को शानदार प्रतिक्रिया हासिल हुई है। आइए एक नजर डालते हैं जन नायकन के ताजा कलेक्शन पर। सैकनिल्क के मुताबिक, जन नायकन ने रिलीज के चौथे दिन बॉक्स ऑफिस पर 32 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसमें तमिल वर्जन से 27.30 करोड़, हिंदी से 3.35 करोड़ और तेलुगु से 1.35 करोड़ रुपये शामिल हैं। इससे पहले फिल्म ने तीसरे दिन 28.90 करोड़ रुपये, दूसरे दिन 21.15 करोड़ रुपये और पहले दिन 42.70 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। इन आंकड़ों के साथ फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर कुल 124.75 करोड़ रुपये का नेट कारोबार कर लिया है। जन नायकन विश्व स्तर पर भी कमाल और धमाल दिखा रही है। इसने विदेशों में, चौथे दिन 10 करोड़ रुपये कमाए, जिससे कुल विदेशी कमाई अब तक 71.50 करोड़ रुपये हो गई है। इसके साथ ही, फिल्म का वैश्विक कुल कलेक्शन अब 217.48 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। एस विनोथ द्वारा निर्देशित ये फिल्म राजनीतिक एक्शन ड्रामा है, जिसमें विजय के साथ पूजा हेगड़े मुख्य किरदार में हैं। बॉबी देओल, ममिता बैजू, प्रकाश राज और प्रियामणि भी शामिल हैं।



# थलपति विजय के बेटे जेसन की फिल्म सिग्मा की रिलीज डेट आगे बढ़ा, अब 18 सितंबर को देगी दस्तक?

थलपति विजय के बेटे जेसन विजय सिग्मा से अपना डेब्यू कर रहे हैं। लोगों में इसे लेकर काफी उत्साह है क्योंकि यह उनका पहला प्रोजेक्ट है और वे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे हैं। जेसन के निर्देशन में बनी सिग्मा को 31 जुलाई को रिलीज़ होना था, लेकिन इसे टाल दिया गया क्योंकि उनके पिता विजय की आखिरी फिल्म जना नायकन 24 जुलाई को रिलीज़ हुई थी, ताकि दोनों फिल्मों के बीच कोई मुकाबला न हो। अब सिग्मा की नई रिलीज़ डेट को लेकर अटकलें लगाई जा रही हैं। चर्चा है कि मेकर्स इस फिल्म को 18 सितंबर 2026 को रिलीज़ करने की योजना बना रहे हैं। फिल्म में फियारा अब्दुल्ला फीमेल लीड रोल में हैं, जबकि राजू सुंदरम, संपथ राज, शिव पंडित, अनबु थसन, योग जापी, मगलक्ष्मी, शीला राजकुमार, कमलेश और किरण कोंडा अहम भूमिकाओं में हैं। सुबास्करन अपने लाइका प्रोडक्शंस बैनर तले इस फिल्म को प्रोड्यूस कर रहे हैं। फिल्म में संदीप किशन मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के प्रमोशन और टीज़र को हर तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।



# खाने में तीखापन लाती है लाल मिर्च जानिए इसके सेवन से मिलने वाले फायदे

लाल मिर्च का इस्तेमाल भारतीय रसोई में बहुत आम है। इसका उपयोग खाने को तीखा और स्वादिष्ट बनाने के लिए किया जाता है। हालांकि, क्या आप जानते हैं कि लाल मिर्च में कई ऐसे गुण भी होते हैं, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत फायदेमंद हो सकते हैं। इस लेख में हम आपको लाल मिर्च के कुछ ऐसे ही लाभों के बारे में बताएंगे, जो आपको हैरान कर देंगे। लाल मिर्च में एक खास तत्व होता है, जो शरीर की ऊर्जा को बढ़ाने में मदद करता है। यह तत्व शरीर की गर्मी को बढ़ाकर कैलोरी जलाने में सहायक होता है। इसके अलावा यह भूख को कम करता है, जिससे आप कम खाते हैं और वजन नियंत्रित कर सकते हैं। नियमित रूप से लाल मिर्च का सेवन करने से आप अपने वजन घटाने के लक्ष्य को तेजी से प्राप्त कर सकते हैं। लाल मिर्च का सेवन पाचन तंत्र के लिए बहुत फायदेमंद होता



है। यह आंतरिक अंगों को सक्रिय करके पाचन क्रिया को बेहतर बनाती है। इसके अलावा यह कब्ज, गैस और पेट दर्द जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में भी मदद करती है। लाल मिर्च में मौजूद तत्व पाचन क्रिया को सुधारने में मदद करते हैं और शरीर को साफ करने में सहायक होते हैं। इस प्रकार लाल मिर्च का सेवन पाचन तंत्र के लिए लाभकारी हो सकता है। लाल मिर्च एक जरूरी विटामिन का अच्छा स्रोत होती है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने में मदद करता है। यह शरीर की सुरक्षा बढ़ाकर संक्रमण और बीमारियों से बचाव करता है। नियमित रूप से लाल मिर्च का सेवन करने से आप सर्दी-खांसी जैसी आम समस्याओं से बच सकते हैं और स्वस्थ रह सकते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद गुण भी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने में सहायक होते हैं।

लाल मिर्च खून के प्रवाह को बेहतर बनाने में मदद करती है। इसमें मौजूद तत्व रक्त वाहिकाओं को चौड़ा करता है, जिससे खून का प्रवाह सुचारू होता है। यह तत्व शरीर के विभिन्न हिस्सों तक ऑक्सीजन युक्त खून पहुंचाने में सहायक होता है। इसके अलावा यह तत्व थक्का बनने की संभावना को कम करता है, जिससे हृदय रोग का खतरा भी घटता है।

**BRIFF NEWS**

## SC Tightens Bail in Digital Arrest Cases

**New Delhi, Agency:** Supreme Court on Monday said it is against grant of bail to anyone accused of being part of digital arrest scams, except when they point out "extraordinary grounds" which warrant their release from custody. Sending out a message to HCs and trial courts, a bench of CJI Surya Kant and Justices Joymalya Bagchi and V Mohana said, "Digital arrest scams are worst kind of crime against people, especially senior citizens whose life savings and hard-earned money are fraudulently siphoned out when they need it the most." When an accused pleaded that he had only helped the main accused in opening a bank account and that he has been in custody for more than a year, the bench said this made him an accomplice in the crime.

Rejecting his bail plea, the bench said, "In cases related to digital arrest, we will not grant bail unless extraordinary grounds exist."

## ED: Ex-Chhattisgarh Official Behind Paper Leaks




**New Delhi, Agency:** ED has taken custodial remand of Taman Singh Sonwani, a retired IAS who served as chairperson of Chhattisgarh Public Service Commission (CGPSC), in an alleged case of paper leak and manipulation of CGPSC state service exam. Sonwani in 2021 allegedly amended recruitment rules of CGPSC to remove "nephew" from the definition of "family" and appointed his family members as deputy collector and DSP, according to ED. A special court in Raipur has remanded him to ED custody for seven days, till July 30 for further investigation. The former IAS officer was arrested on July 25.

## Bihar Govt Withdraws FIRs Against Protesters



**New Delhi, Agency:** The Bihar government on Monday announced the withdrawal of FIRs against all protesters who were arrested for alleged involvement in last week's violent protests over the NEET (UG) issue in the state. According to the Bihar government's home department, the relief would apply to all cases registered up to 6 pm on July 26, a day after the demonstrations. The home department further stated that those arrested within this period would be released and no further action would be taken against any of the accused.

# GNIOT GIMS Holds Five-Day Leadership Camp at Jim Corbett Park

## PGDM students gain hands-on experience in leadership, teamwork communication, and corporate skills through experiential learning

Reporter

**Greater Noida:** GNIOT Institute of Management Studies (GIMS), Greater Noida, successfully organized a five-day Outbound Training Programme at Jim Corbett National Park, Uttarakhand, for its newly inducted PGDM 2026–28 batch. The experiential learning initiative was designed to strengthen students' leadership abilities, teamwork, communication, decision-making, problem-solving, and overall corporate readiness.

The programme began with an energetic team orientation session featuring a series of team-building exercises that encouraged collaboration, trust, and leadership among participants. The activities helped students develop interpersonal skills while fostering a spirit of cooperation and mutual respect.

On the second day, students visited the scenic hill town of Nainital, where they experienced learning beyond the classroom through group interactions and outdoor engagement amid the natural surroundings. The visit promoted teamwork and provided participants with an opportunity to build stronger peer relationships.





The third day featured inspiring sessions by leading corporate professionals, who shared insights into industry expectations, leadership development, career planning, personality enhancement, and professional excellence. Renowned motivational speaker Sonu Sharma addressed the students, encouraging them to focus on goal setting, self-confidence, and personal growth. Popular stand-up comedian Vivek Samtani added a lighter dimension to the programme by entertaining participants while delivering positive life lessons through humor. The day concluded with a vibrant DJ evening that strengthened camaraderie among students.

Adventure and experiential learning took center stage on the fourth day as students participated in an exciting jungle safari followed by outdoor management activities. These practical exercises were designed to enhance strategic thinking, leadership, communication, time management, adaptability, and problem-solving skills in real-life situations.

The programme concluded with students returning to campus with renewed confidence, stronger leadership qualities, lasting friendships, and valuable practical experiences that complemented their academic learning. Organizers described the initiative as a significant step toward preparing future managers for the challenges of the corporate world.

SC Tightens Bail in Digital Arrest Cases

New Delhi, Agency: Supreme Court on Monday said it is against grant of bail to anyone accused of being part of digital arrest scams, except when they point out "extraordinary grounds" which warrant their release from custody. Sending out a message to HCs and trial courts, a bench of CJI Surya Kant and Justices Joymalya Bagchi and V Mohana said, "Digital arrest scams are worst kind of crime against people, especially senior citizens whose life savings and hard-earned money are fraudulently siphoned out when they need it the most.

# NS Sudarshini Sails to Portugal from Boston

**New Delhi, Agency:** Indian Navy Sailing Ship Sudarshini has set sail for Portugal, wrapping up its month-long visit to the US to participate in the celebrations of the country's 250th anniversary of independence. "The Indian Naval Ship Sudarshini, a sail training vessel of the Indian Navy, departed Boston, US, on July 25 as part of the ongoing Lokayana 26 voyage," a defence ministry statement said in Delhi. "Representing India at the historic SAIL250 celebrations, the IndianNavy's sail training ship showcased the nation's rich maritime heritage while deepening maritime partnerships," the Navy said on X on Sunday.



The ministry said INS Sudarshini has now set sail for Ponta Delgada, Azores (Portugal), continuing its journey as a beacon of India's maritime strength, professionalism, and goodwill on the global stage.

INS Sudarshini arrived at Boston on Sunday after her successful participation in the Sail4th 250 celebrations at New York. The ship took part in the Grand Parade of Sails, marking the commencement of Sail Boston 2026, the Ministry of Defence said. Raghuram Sastry, consul general of India in Boston, embarked on INS Sudarshini for the Grand Parade of Sails and the ship's ceremonial entry into Boston.

Joining an international fleet of over 60 tall ships from over 20 nations, INS Sudarshini is representing India as a maritime ambassador of goodwill during her ongoing Lokayan 2026 transoceanic expedition.

# Police intensify probe into allegations against Banjariya SHO; SP orders second-level inquiry

By Sagar Suraj






**MOTIHARI :** East Champaran Superintendent of police（SP）Swarn Prabhat has ordered a deeper investigation into allegations against Banjariya Station House Officer（SHO）Amit Kumar Singh, directing a second senior officer to verify the facts after an initial inquiry. Following an earlier probe by trainee DSP Priyanka Kumari, DSP Abhishek Kumar on Wednesday visited the alleged incident site at Singhia village, recorded statements of local residents and other witnesses, and examined documentary evidence. Residents told DSP that the alleged incident, on the basis of which an FIR was registered against Shamsher Alam and others, never took place.

The complainant submitted CCTV footage from the location and documents related to the disputed land. A government Amin also carried out a fresh measurement of the land as part of the inquiry. Shamsher Alam has alleged that he is being implicated in false criminal cases to facilitate an attempt by land grabbers to take possession of his property. He claimed the FIR was registered under the influence of influential persons involved in the land dispute.

The controversy has gained significance because, in an earlier supervision report in another case involving Alam, Sadar DSP Dilip Kumar had reportedly observed that innocent persons had been implicated to benefit the accused by SHO and that the case did not appear to be genuine. That report has resurfaced amid the ongoing investigation. The SHO has also faced multiple written complaints in recent months, including allegations of corruption, abuse of authority, filing false cases and harassment. Separate complaints by an ex army, an elected mukhiya and a former block chief are already under examination. The matter has further drawn attention over allegations of a 7 lakh bribe demand in the SHO's name through an alleged intermediary, supported by a purported audio recording. The complainant's family has also alleged that 1 lakh was demanded for registration of an FIR. No FIR has yet been registered in connection with the alleged audio recording. The middle man Rajan Prasad reportedly fled to escape police attention. SHO Amit Kumar Singh has denied all allegations. 'The inquiry report will be submitted to SP Swarn Prabhat for further action', DSP Abhishek said.

# Chitranjan Kumar Takes Charge as ECL Director (Technical)

## Veteran mining executive brings over three decades of leadership and operational expertise to Eastern Coalfields Limited

Reporter

**Sanctoria :** Eastern Coalfields Limited (ECL), a subsidiary of Coal India Limited, has appointed Shri Chitranjan Kumar as its new Director (Technical). A highly experienced mining professional with more than 30 years in the coal industry, Kumar assumes the role with an extensive background in mine operations, project development, environmental compliance, and sustainable mining.

An engineering graduate from BIT Sindri (1991), Kumar also holds a First Class Manager's Competency Certificate (1997) and an MBA. Throughout his career, he has successfully led large-scale mining projects, secured crucial statutory and environmental clearances, addressed complex land acquisition and rehabilitation issues, and consistently improved production and operational efficiency across Coal India subsidiaries.

Before joining ECL, Kumar served as Area General Manager of the Magadh-Sanghamitra Area at Central Coalfields Limited (CCL). During his tenure, he played a key role in obtaining major forest clearances for mining projects, facilitating land handovers, and advancing the 20 MTY Sanghamitra Open Cast Project, contributing significantly to capacity expansion initiatives.

Earlier, while serving in Bokaro & Kargali Area (CCL) and Block-II Area (BCCL), he successfully resumed coal production at the Karo Mines, commissioned BCCL's first Highwall Miner and a 5 MTY coal washery, and resolved long-pending rehabilitation and resettlement issues. Under his leadership, Block-II Area achieved its highest coal production in a decade and reported a profit of ?830 crore in 2024, while Output per Man Shift (OMS) doubled within three years.



Kumar has also made significant contributions to environmental sustainability. At Barora Area, BCCL, he led eco-restoration projects supported by TERI and facilitated land acquisition for the Muraidih Underground Project. The area received the Chief Minister's Award for Environmental Compliance during his tenure. At Kathara Area, CCL, he exceeded production targets and achieved record departmental output at the Sawang-Govindpur Project while implementing innovative Bottom Ash Stowing technology.

His association with ECL began early in his career as Assistant Manager at Rajmahal Area, where he contributed to the successful implementation of the Truck Dispatch System (TDS), improving operational efficiency. Kumar's achievements have earned him several prestigious honours, including the Coal Minister's Award (2021–22 and 2022–23), Best General Manager Award (2018–19), National Safety Awards (2008 & 2009), and the H.B. Ghosh Memorial National Safety Award. He has also received advanced international training in mining safety and risk assessment in Australia and participated in the Advanced Global Techno-Management Progra mme 2025. Welco ming him to the organisation, ECL Chairman-cum-Managing Director Satish Jha expressed confidence that Kumar's vast technical expertise and leadership experience would strengthen the company's focus on technological innovation, operational excellence, safe coal production, and sustainable mining practices, while driving ECL's long-term growth and performance.